बुधवार, 31 दिसम्बर 2025

मौसम

तापमान 11 – 25
आर्द्रता 52%
सूर्योदय: 06:16 सूर्यास्त: 17:02

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : आप धरती पर मेहमान हैं, मालिक नहीं।




हरमनप्रीत के अर्धशतक से भारत जीता, श्रीलंका को 5–0 से हराकर किया सूपड़ा साफ किया पृष्ठ 8

# चुनावी लाभ के लिए ममता घुसपैठ को बढ़ावा दे रहीं, बंगाल की जनसांख्यिकी बदली : अमित शाह

## चुनाव से पहले बंगाल दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री पर बोला हमला

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य की ममता सरकार चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी 'खतरनाक रूप से बदल गई' है। कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि राज्य के लोग घुसपैठ को लेकर चिंतित हैं और भाजपा 2026 में राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में आने के बाद इसे समाप्त करेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे और 'देश से घुसपैठियों को बाहर निकालना' मुख्य एजेंडा होगा। उन्होंने कहा कि हम न केवल घुसपैठियों की पहचान करेंगे, बल्कि उन्हें बाहर भी निकालेंगे। 15 अप्रैल, 2026 के बाद बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी, क्योंकि जनता ने अपना मन बना लिया है। शाह ने घोषणा की कि बंगाल में घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इंसान छोड़ दीजिए, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, इस प्रकार की मजबूत ग्रिड की रचना हम करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ना केवल घुसपैठ रोकेंगे, सारे घुसपैठियों को चुन चुनकर भारत के बाहर निकालने का काम भी भाजपा की बंगाल सरकार करेगी। शाह ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण केंद्र सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं कर पाई है।



### 'भाजपा सरकार आने पर राज्य में चल रहे परियोजनाओं का नहीं होगा बदलाव'

उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल सरकार ने आयुष्मान भारत योजना लागू नहीं होने दी और उसकी जगह स्वास्थ्य साथी योजना लाई। केंद्र सरकार इलाज के लिए 5 लाख की सहायता देती है, लेकिन मुख्यमंत्री आम लोगों को इसका लाभ नहीं लेने दे रहीं, क्योंकि इससे प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता बढ़ रही है। इस दौरान, गृह मंत्री ने आश्वस्त किया राज्य में भाजपा की सरकार आने के बाद राज्य में चल रहे परियोजनाओं में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही घोषणापत्र में उल्लेखित वादों पर क्रियान्वयन पर जोर दिया जाएगा।

**'10 रिमाइंडर देने पर भी नहीं मिली जमीन'**

उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को दोषी ठहराती हैं। मैं उनसे इस सार्वजनिक मंच से कह रहा हूं कि बांग्लादेश से सटे राज्यों में केवल यही राज्य सरकार है, जो सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराती। आपकी सरकार जमीन नहीं देती, इसी वजह से सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो पा रहा है। शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह जवाब देना होगा कि भाजपा शासित असम, त्रिपुरा या देश के पश्चिमी राज्यों जैसे राजस्थान और गुजरात के अलावा पंजाब और कश्मीर की तुलना में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की समस्या अधिक गंभीर क्यों है? उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ बंगाल में ही क्यों होता है? ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां आपकी सीधी निगरानी में घुसपैठ होती है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य की जनसांख्यिकी में धीरे-धीरे लेकिन लगातार बदलाव होता है, जिससे आपका वोट बैंक मजबूत होता है। शाह ने कहा कि सत्ता में आने के बाद भाजपा पूर्वी सीमाओं से घुसपैठ रोकेगी और बंगाल का पुनरुद्धार सुनिश्चित करेगी।

**'एसआईआर से मतुआ समुदाय के लोगों को डरने की जरूरत नहीं'**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से मतुआ समुदाय के लोगों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। शाह ने कहा, हमारा यह संकल्प है कि धार्मिक उत्पीड़न का शिकार हुए सभी शरणार्थियों को देश में शरण दी जाएगी। ममता बनर्जी भी मतुआ समुदाय को नुकसान नहीं पहुंचा सकतीं।

**गृह मंत्री का आरोप, तृणमूल ने भय और हिंसा की राजनीति में वामपंथियों को छोड़ा पीछे**

शाह ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने भय और हिंसा की राजनीति में वामपंथियों को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में महिलाओं के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज, संदेशखाली और दक्षिण कोलकाता लॉ कॉलेज में हुई घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि यह राज्य महिलाओं के लिए कितना असुरक्षित हो गया है। शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेता सार्वजनिक धन की हेराफेरी के आरोप में जेल जा चुके हैं, और उनके घरों से बरामद नकदी गिनने वाली मशीनें गिनते गिनते खराब हो गई थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भ्रष्ट शासन के तहत बंगाल का विकास पूरी तरह से ठप हो गया है। तृणमूल कांग्रेस अब भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है। इसके शीर्ष नेता सार्वजनिक धन की हेराफेरी के आरोप में जेल जा चुके हैं।

**शाह का दावा, 7000 से अधिक उद्योग राज्य छोड़कर चले गए**

भाजपा नेता ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की अर्थव्यवस्था में अभूतपूर्व गिरावट आई है, जिसके चलते 7000 से अधिक उद्योग राज्य छोड़कर चले गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल के शासनकाल में राज्य की हालत बहुत खराब हो गई है; अब इससे ज्यादा बदतर स्थिति की कोई गुंजाइश नहीं है।

**'अब तक 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या'**

शाह ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भी तृणमूल कांग्रेस नीत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा माना जाता था कि कम्युनिस्टों की हार के बाद हिंसा और बदले की राजनीति खत्म हो जाएगी लेकिन इन्होंने कम्युनिस्टों को भी पीछे छोड़ दिया। अब तक 300 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या हो चुकी है। 3,000 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता अब भी अपने घरों को नहीं लौट पाए हैं। उन पर दबाव डाला जा रहा है कि उन्हें तभी घर जाने दिया जाएगा जब वे तृणमूल का झंडा लेकर चलेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने कांग्रेस, वामपंथी और तृणमूल को सत्ता संभालने का मौका दिया है, अब मैं उनसे भाजपा को मौका देने की अपील करता हूं। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ के माहौल को अपनी विरासत की पुनर्स्थापना, विकास और गरीबों के उत्थान से बदलने का दृढ़ संकल्प लिया है, जो केवल एक मजबूत और केंद्रित भाजपा सरकार द्वारा ही संभव हो सकता है।

# अगर घुसपैठिए सिर्फ बंगाल में हैं तो पहलगाम और दिल्ली में हमले कैसे हुए : ममता

- शाह के बयान पर ममता का पलटवार, आतंकी हमलों को रोकने में नाकाम रहने पर मांगा इस्तीफा
- मुख्यमंत्री ने राज्य में जमीन नहीं देने के आरोपों को नकारा



**बांकुड़ा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का नाम लिए बिना उन्हें 'दुशासन' बताया और देश में विध्वंसक गतिविधियों को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। ममता बनर्जी ने शाह से सवाल किया कि जब जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमला हुआ और नयी दिल्ली में विस्फोट हुआ, तो घुसपैठ के लिए हर समय इसी राज्य को क्यों दोषी ठहराया जाता है। इस दिन, बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि आज दुशासन बंगाल आया है। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, दुर्योधन और दुशासन यहां आ जाते हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने घुसपैठ के मुद्दे पर शाह की आलोचना करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार के रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि क्या घुसपैठ सिर्फ बंगाल में ही होती है? क्या कश्मीर में नहीं होती? ममता ने राष्ट्रीय राजधानी में हुए कार विस्फोट का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली में एक घटना हुई। क्या घुसपैठिए बंगाल के अलावा कहीं और मौजूद नहीं हैं? तो क्या यह सब तुमने किया था? ममता ने कहा कि हर चीज के लिए पश्चिम बंगाल को ही क्यों दोषी ठहराया जा रहा है। ममता ने देश के गृह मंत्री के रूप में शाह के प्रदर्शन पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपको इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शाह अब 'अबकी बार, 200 पार' वाक्यांश को नहीं दोहरा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि भाजपा को राजनीतिक रूप से करारी हार मिलेगी। उन्होंने कहा कहा कि आप कह रहे हैं कि आप दो-तिहाई बहुमत से जीतेंगे। इस बार आप यह नहीं कह रहे हैं, 'अबकी बार, 200 पार'। मैं कहना चाहती हूं, इस बार आपको देश से बाहर होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे दावा किया कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में सत्ता में वापसी करेगी और लोकतांत्रिक तरीकों से राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को चुनौती देगी। शाह के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जमीन नहीं दी गई होती, तो तारकेश्वर-बिष्णुपुर (रेलवे) लाइन किसने पूरी की? ममता बनर्जी ने की। अगर जमीन नहीं दी गई होती, तो कोयला खनन के लिए ईसीएल की जमीन कहां से आती? उन्होंने दावा किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में भी भूमि उपलब्ध कराई गई थी। ममता ने कहा कि बनगांव और पेट्रापोल में भूमि किसने दी? घोजाडांगा और चांगराबन्धा में भूमि किसने दी? मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अंडाल और पानागढ़ में हवाई अड्डों के लिए भी जमीन आवंटित की गई है।

# बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया का निधन

## जयशंकर ढाका में खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे



**ढाका :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा ज़िया का निधन हो गया है। उनकी राजनीतिक पार्टी ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वह 80 वर्ष की थीं। खालिदा ज़िया और शेख़ हसीना के बीच चली लंबी प्रतिद्वंद्विता ने एक पीढ़ी तक देश की राजनीति को परिभाषित किया। खालिदा ज़िया पर भ्रष्टाचार के कई मामले दर्ज थे, जिन्हें वह राजनीतिक से प्रेरित बताती थीं। जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अंतिम भ्रष्टाचार मामले में उन्हें बरी कर दिया था, जिससे वह फरवरी में होने वाले चुनाव में हिस्सा ले सकती थीं। वह ब्रिटेन में इलाज कराने के बाद मई में देश लौटी थीं। इससे पहले, जनवरी की शुरुआत में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति दी थी। शेख़ हसीना की सरकार ने इससे पहले कम से कम 18 बार उनके विदेश जाने के अनुरोध को खारिज किया था। खालिदा ज़िया की शादी राष्ट्रपति ज़ियाउर रहमान से हुई थी, जिनकी 1981 में एक तख्तापलट के दौरान हत्या कर दी गई थी। इसके बाद खालिदा ज़िया ने सैन्य तानाशाह के खिलाफ जन आंदोलन खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई, जिसे अंततः 1990 में सत्ता से हटाया गया। उन्होंने 1991 में पहली बार प्रधानमंत्री पद संभाला और फिर 2001 से दोबारा इस पद पर रहीं। उस चुनाव में और उसके बाद हुए कई चुनावों में उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी शेख़ हसीना थीं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने खालिदा जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर मंगलवार को गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पड़ोसी देश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और बांग्लादेश के सभी लोगों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएं। ईश्वर उनके परिवार को इस दुखद घड़ी को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने कहा, मुझे 2015 में ढाका में उनसे हुई सौहार्दपूर्ण मुलाकात याद है। हम आशा करते हैं कि उनका दृष्टिकोण और विरासत हमारी साझेदारी को आगे भी दिशा देती रहेगी। उनकी आत्मा को शांति मिले।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

2025 – नक्सल मुक्त भारत के लिए एक निर्णायक वर्ष पृष्ठ 7

### कंपनियां अब 31 जनवरी तक दाखिल कर सकेंगी वित्तीय विवरण एवं वार्षिक रिटर्न

**नयी दिल्ली :** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने मंगलवार को कंपनियों के लिए वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 जनवरी, 2026 तक बढ़ा दी। यह विस्तार कंपनी कानून के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित फाइलिंग के लिए दिया गया है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली थी। मंत्रालय ने यह फैसला विभिन्न हितधारकों से मिले आवेदनों को ध्यान में रखते हुए लिया है। कई कंपनियों और पेशेवरों ने फाइलिंग प्रणाली से जुड़ी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याओं की ओर मंत्रालय का ध्यान दिलाया था। मंत्रालय ने अपने एक परिपत्र में कहा, हितधारकों से मिले आवेदनों को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित अपनी वार्षिक फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरी करने की अनुमति दी जाए। परिपत्र के अनुसार, अतिरिक्त शुल्क के बगैर दाखिल किए जा सकने वाले ई-फॉर्म में एमजीटी-7, एमजीटी-7ए, एओसी-4, एओसी-4 सीएफएस, एओसी-4 एनबीएफसी (इंड एएस), एओसी-4 सीएफएस एनबीएफसी (इंड एएस) और एओसी-4 (एक्सबीआरएल) शामिल हैं।

# जापान को पीछे छोड़ दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

**नयी दिल्ली :** भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। एक सरकारी बयान में यह कहा गया। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। एक सरकारी बयान के अनुसार, ''भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।'' दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई। बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।




### पुतिन के आवास को निशाना बनाए जाने को लेकर मोदी ने गहरी चिंता व्यक्त की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरों पर मंगलवार को ''गहरी चिंता'' जताई और रूस एवं यूक्रेन से शत्रुता समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''रूसी संघ के राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाए जाने की खबरें बहुत चिंताजनक हैं।'' रूस ने सोमवार को दावा किया कि लंबी दूरी के 91 यूक्रेनी ड्रोन ने मॉस्को के उत्तर में नोवगोरोड क्षेत्र में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्थायी आवास पर हमला करने का प्रयास किया। मोदी ने कहा कि जारी कूटनीतिक प्रयास शत्रुता समाप्त करने और शांति हासिल करने की दिशा में सबसे व्यावहारिक रास्ता मुहैया कराते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''हम सभी संबंधित पक्षों से आग्रह करते हैं कि वे इन प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें और ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचें जो इन्हें कमजोर कर सकती है।''

### भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से मिले अंतरिम सरकार के दो वरिष्ठ सलाहकार

**ढाका :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के दो वरिष्ठ सलाहकारों ने भारत में देश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह से मंगलवार को ढाका में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, रियाज भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव के बीच विदेश मंत्रालय के आपात बुलावे पर सोमवार रात ढाका पहुंचे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) खलीलुर रहमान ने विदेश कार्यालय में रियाज के साथ बैठक की। हालांकि, अधिकारियों ने चर्चा में शामिल विषयों पर विस्तार से जानकारी नहीं दी, जबकि हुसैन ने भी बैठक के सिलसिले में कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। रहमान ने संवाददाताओं से कहा, हम उच्चायुक्त से समय-समय पर बात करते हैं। हमने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। 'ढाका ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार, बैठक लगभग आधे घंटे तक चली। 'प्रथोम आलो' अखबार की खबर के मुताबिक, रियाज भारत से द्विपक्षीय संबंधों में हालिया तनाव के बीच विदेश मंत्रालय के आपात बुलावे पर सोमवार रात ढाका पहुंचे।

### रेलवे 14 जनवरी से रेलवन ऐप के जरिए अनारक्षित टिकटों की खरीद पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की खरीद और किसी भी डिजिटल माध्यम से भुगतान पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। फिलहाल, यह रेलवन ऐप पर आर-वॉलेट भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर तीन प्रतिशत 'कैशबैक' प्रदान करता है। इस संबंध में रेल मंत्रालय की ओर से रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को सॉफ्टवेयर प्रणाली में आवश्यक बदलाव करने के लिए पत्र भेजा गया। पत्र में कहा गया, ''डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, रेलवन ऐप पर सभी डिजिटल भुगतान माध्यमों से अनारक्षित टिकट की बुकिंग पर तीन प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया गया है।'' इसमें कहा गया, ''तीन प्रतिशत छूट का प्रस्ताव 14.01.2026 से 14.07.2026 की अवधि के दौरान लागू रहेगा। सीआरआईएस इस प्रस्ताव पर आगे की पड़ताल के लिए मई में फीडबैक प्रस्तुत करेगी।''

# गूगल उपयोगकर्ता मौजूदा डेटा खोए बिना जीमेल आईडी बदल सकेंगे

**नयी दिल्ली :** गूगल खाताधारक अब अपनी प्राथमिक 'एट जीमेल डॉट कॉम' ईमेल आईडी को नई आईडी में बदल सकेंगे और उनके मौजूदा खाते का सारा डेटा सुरक्षित रहेगा। प्रौद्योगिकी दिग्गज गूगल ने इस फीचर को चरणबद्ध तरीके से जारी करना शुरू कर दिया है। यह अपडेट फिलहाल गूगल के आधिकारिक सपोर्ट पेज के कुछ भाषा संस्करणों पर दिखाई दे रहा है। इसके अनुसार, खाते में सेव किया गया डेटा – जिसमें फोटो, संदेश और ईमेल शामिल हैं – नई जीमेल आईडी पर जाने के बाद भी पूरी तरह अप्रभावित रहेगा। गूगल की वेबसाइट के मुताबिक, ''गूगल खाते से जुड़े ईमेल पता का उपयोग आप गूगल की सेवाओं में साइन इन करने के लिए करते हैं। यह ईमेल पता आपको और दूसरों को आपके खाते की पहचान करने में मदद करता है। यदि आप चाहें, तो आप अपने गूगल खाते का वह ईमेल पता जो 'जीमेल डॉट कॉम' पर खत्म होता है, उसे नए जीमेल डॉट कॉम ईमेल पते में बदल सकते हैं।'' इसमें आगे कहा गया, ''गूगल खाते में पुराना 'जीमेल डॉट कॉम' वाला ईमेल पता एक एलियस के रूप में सेट कर दिया जाएगा। आपके खाते में सेव किया गया डेटा, जिसमें फोटो, संदेश और पुराने ईमेल पते पर भेजे गए ईमेल शामिल हैं, प्रभावित नहीं होंगे।'' उपयोगकर्ता पुराने या नए, दोनों ईमेल पतों का उपयोग करके जीमेल, मैप्स, यूट्यूब और ड्राइव जैसी गूगल सेवाओं में साइन इन कर सकेंगे।




INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com

9B, Wood Street: Ground Floor, Kolkata 700 016 M +91 89810 89018 South City Mall: Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 M +91 89810 89029 City Centre II, Rajarhat : Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 M +91 89810 89066 Howrah: JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) M +91 89810 89027 Vardaan Market: 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 M +91 89810 89003 Bagnan: Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 M +91 89810 89024 Durgapur: Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 M +91 89810 89017 Serampore: Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014

Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau, Silver and Certified Gemstones with buy-back facility.

Authorised Retailer: Platinum & MMTC Gold & Silver Bars    Toll Free No. 1800 889 1704

## संगठनात्मक मजबूती से मिलेगी प्राणवायु

निस्संदेह, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को फिलहाल बेहद मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव दर चुनाव उसका दायरा लगातार सिमटता ही जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चुनावी मोर्चे पर भी कांग्रेस के लिए बीत रहा साल निराशाजनक ही रहा है। कांग्रेस पार्टी को दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना भी करना पड़ा है। हालांकि, पार्टी ने 'वोट चोरी' मुहिम को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उसके परंपरागत वोट फिर लौटकर नहीं आए। बल्कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को भी सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल सका। पार्टी के लिए आने वाला साल एक नई चुनौती लेकर आ रहा है। आने वाले साल में असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व का आत्मविश्वास से भरा रवैया दिखाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा। इस आयोजन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो सदैव हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश व्यक्ति के हितों के लिए खड़ी रही है।' वहीं इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने घोषणा की कि 'कांग्रेस एक विचारधारा का नाम है और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं।' लेकिन वास्तव में एक कड़वी सच्चाई यह है कि पार्टी के अस्तित्व पर संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पार्टी संगठन में असंतोष की आहटें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं। यह असंतोष किस हद जा पहुंचा है, हालिया घटनाक्रम इसकी पुष्टि करता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की कुशल संगठनात्मक रणनीति की प्रशंसा और ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी थी। निश्चय ही आम कार्यकर्ता पर इसका सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा होगा।

दरअसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। देखा जाए तो गाहे-बगाहे कांग्रेस संगठन से शीर्ष स्तर पर गहरे तक जुड़े रहे दिग्गज कांग्रेस नेताओं के पार्टी लाइन से हटकर दिए गये बयान पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं। जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं। इस पूंजी को चुनावी लाभ में परिवर्तित किया जा सकता है या नहीं, यह बयानबाजी से कम और पार्टी में सुधार, संगठन के पुनर्गठन और जनता से प्रभावी ढंग से पुन: जुड़ने की क्षमता पर अधिक निर्भर करता है। ऐसे समय में, जब राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा का एकछत्र वर्चस्व बना हुआ है और यह कह सकते हैं कि सभी क्षेत्रों में इसका दबदबा कायम है, भाजपा ने तो यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस 'चापलूसों की सेना' है। साथ ही उसे भारतीय लोकतंत्र की 'सबसे कमजोर कड़ी' तक करार दे दिया है। निस्संदेह, यह आलोचना, जो काफी हद तक सच के करीब है, कांग्रेस को आत्ममंथन करने और मौजूदा स्थिति में बदलाव लाने के लिए भी प्रेरित करेगी। इस बात में दो राय नहीं हो सकती है कि अपने एक सौ चालीस साल के इतिहास में कांग्रेस एक चुनौतीपूर्ण मोड़ पर खड़ी हुई है। ऐसे में इस पार्टी का पुनरुत्थान भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला करने के लिए विपक्ष की संभावनाओं की कुंजी भी साबित हो सकता है। विश्वास किया जाना चाहिए कि अतीत की विफलताओं से सबक लेकर कांग्रेस पार्टी नये साल में नये तेवरों के साथ जनता के दरबार में जाएगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 दिसम्बर, बुधवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, पौष शुक्लपक्ष द्वादशी, 25:46 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 25:27 तक, योग : साध्य, 21:04 तक, सूर्योदय: 06:16, सूर्यास्त: 17:02, चन्द्रोदय : 13:47, चन्द्रास्त: 02:42, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 11:39 से 12:59

## राशिफल

**मेष :** साल 2025 का अंतिम दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने गृहस्थ जीवन को सही रखने के लिए जीवनसाथी के प्रति ईमानदार होना जरूरी है। आर्थिक लाभ की संभावना है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों के लिए साल 2025 का आखिरी दिन थोड़ा व्यस्त रहने वाला है। आपको कोई ज्यादा महत्वपूर्ण और जरूरी काम सौंपा जा सकता है। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मिथुन :** आज का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए शुभ रहने वाला है। आपका काम करने का तरीका नया है। वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आपके ऊपर जायेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के जातकों के ऊपर आज किसी भारी काम का बोझ आ सकता है। इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी भी लेनी पड़ सकती है। कर्मचारियों पर कड़ी नजर रखना ना भूलें।

**सिंह :** आज का दिन आपको सिख देने वाला रहेगा। दूसरे के अधिकार क्षेत्र में घुसकर अपना वर्चस्व कायम रखने की पुरानी आदत को बदलना होगा। आपको पहले अच्छा कर्मचारी बनना होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के जातकों को आज के दिन विवादों से दूर रहने की कोशिश करनी होगी। सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क वितर्क नहीं करने से बचें।

**तुला :** आज सुबह से ही कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। व्यापार व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं।

**वृश्चिक :** कईं बार आप न चाहते हुए भी ऐसे दौर में फंस जाते हैं जहां से निकलने पर काफी जद्दोजहद करनी पड़ती है। आज भी कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है।

**धनु :** शेयर बाजार के चक्कर में पड़कर आपने काफी धन नष्ट कर दिया है। यदि धन कमाने के ये जोखिम भरे कदम सभी को रास आते तो लोग मेहनत मजदूरी क्यों करते।

**मकर :** मकर राशि वालों के कामकाज की रफ्तार आज के दिन थोड़ी धीमी रहेगी। हालांकि, आज आपके अंदर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा।

**कुम्भ :** लंबे समय से चल रहा कठिन समय अब खत्म होता दिख रहा है। ऐसे में आपका मन एकांत में कुछ समय गुजारने का करेगा। यह समय अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का है।

**मीन :** धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपके सामने आएंगे। हालांकि, सहयोगी और पार्टनर के साथ किसी बात पर मतभेद हो सकता है। आपको आगे बढ़ना होगा।

# 2025: सुधारों से सशक्त हुआ भारत



**नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री - भारत**

आज भारत पर समूचे विश्व की नजर रहती है। इसका कारण, हमारे लोगों में कुछ नया करने का जोश है। आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास के साथ देखती है। वे इस बात की सराहना करते हैं कि नई पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से विकास की गति को तेज किया गया है। ये सुधार कई क्षेत्रों से जुड़े हैं और देश की विकास क्षमता को और मजबूत बनाते हैं।

मैं कई लोगों से कहता रहा हूं कि भारत सुधार एक्सप्रेस में सवार हो चुका है। इस सुधार एक्सप्रेस का मुख्य इंजन भारत की जनसंख्या संरचना, हमारी युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस है। 2025 को भारत के लिए एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा, जब देश ने पिछले 11 वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर सुधारों को एक निरंतर राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाया। हमने संस्थानों को आधुनिक बनाया, शासन को सरल किया और लंबे समय तक सभी को साथ लेकर चलने वाली विकास की मजबूत नींव रखी।

हमने दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ते हुए बड़े लक्ष्य निर्धारित किए, काम को तेजी से पूरा किया और गहराई से बदलाव किए। ये सुधार नागरिकों को सम्मान के साथ जीवन जीने, उद्यमियों को भरोसे के साथ नवाचार करने और संस्थानों को स्पष्टता व विश्वास के साथ काम करने में सक्षम बनाने के लिए किए गए हैं। मैं किए गए कुछ सुधारों के उदाहरण प्रस्तुत करता हूं।

**जीएसटी सुधार :** 5% और 18% की दो सरल टैक्स दरें लागू की गई हैं। इससे घरों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर बोझ कम हुआ है।

इसका उद्देश्य विवादों को कम करना और नियमों का बेहतर पालन सुनिश्चित करना है।

इस सुधार से उपभोक्ताओं का भरोसा और मांग बढ़ी है। त्योहारों के मौसम में बिक्री में वृद्धि हुई है।

**मध्य वर्ग को अभूतपूर्व राहत :** पहली बार, सालाना 12 लाख रुपये तक कमाने वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना पड़ा।

1961 के पुराने आयकर कानून की जगह अब सरल और आधुनिक आयकर अधिनियम, 2025 लागू किया गया है।

ये दोनों सुधार मिलकर भारत को पारदर्शी और तकनीक-आधारित कर व्यवस्था की ओर ले जाते हैं।

**छोटे और मध्यम व्यवसायों को बढ़ावा :** छोटी कंपनियों की परिभाषा का दायरा बढ़ाया गया है, जिसमें अब 100 करोड़ रुपये तक का कारोबार करने वाली कंपनियां शामिल हैं।

इससे हजारों कंपनियों पर नियमों के पालन का बोझ और उससे जुड़ी लागत कम होगी।

**100% एफडीआई-बीमा सुधार :** भारतीय बीमा कंपनियों में 100% विदेशी निवेश की अनुमति दी गई है।

इससे बीमा का दायरा बढ़ेगा और लोगों की आर्थिक सुरक्षा मजबूत होगी।

बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा के साथ लोगों को बेहतर बीमा विकल्प और बेहतर सेवाएँ मिलेंगी।




**प्रतिभूति बाजार सुधार :** संसद में प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक पेश किया गया है। इससे सेबी में शासन के नियम मजबूत होंगे, निवेशकों की सुरक्षा बढ़ेगी, नियमों के पालन का बोझ कम होगा और विकसित भारत के लिए तकनीक-आधारित प्रतिभूति बाजार को बढ़ावा मिलेगा। इन सुधारों से कम नियमों और अन्य खर्चों के कारण बचत सुनिश्चित होगी।

**समुद्री और ब्लू इकॉनमी सुधार :** संसद के एक ही सत्र, मानसून सत्र में, पांच महत्वपूर्ण समुद्री कानून पारित किए गए: बिल ऑफ लेडिंग अधिनियम, 2025; समुद्र द्वारा माल परिवहन विधेयक, 2025; तटीय नौवहन विधेयक, 2025; मर्चेंट शिपिंग विधेयक, 2025; और भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025।

इन सुधारों से दस्तावेज़ी प्रक्रिया सरल हुई, विवादों का समाधान आसान हुआ और लॉजिस्टिक्स लागत कम हुई।

1908, 1925 और 1958 के पुराने कानूनों को भी हटाकर नए कानून लागू किए गए हैं।

**जन विश्वास अपराधीकरण के युग का अंत :** सैकड़ों पुराने और बेकार कानूनों को खत्म किया गया है।

2025 के निरसन और संशोधन विधेयक के माध्यम से 71 कानूनों को रद्द किया गया है।



**व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा :** सिंथेटिक फाइबर, धागे, प्लास्टिक, पॉलिमर और बेस मेटल से जुड़े 22 गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (टउज) पूरी तरह हटा दिए गए हैं, इसके अलावा स्टील, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल, मिश्रधातु और उपभोक्ता उत्पादों से जुड़ी 53 गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों को अस्थायी रूप से रोका गया है। इससे भारत के परिधान निर्यात में बढ़ोतरी होगी, जूते और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों में उत्पादन लागत घटेगी, और इलेक्ट्रॉनिक्स, साइकिल व वाहन उत्पादों के घरेलू दाम कम होंगे।



**ऐतिहासिक श्रम सुधार :** श्रम कानूनों को नया रूप दिया गया है और 29 अलग-अलग कानूनों को मिलाकर चार आधुनिक श्रम संहिताएं बनाई गई हैं।

भारत ने ऐसा श्रम ढांचा तैयार किया है, जो कामगारों के हितों की रक्षा करता है और साथ ही व्यापार के माहौल को भी मजबूत बनाता है।

ये सुधार उचित मजदूरी, समय पर वेतन भुगतान, बेहतर औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और सुरक्षित कार्यस्थलों पर केंद्रित हैं।

इनसे कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है।

ठेका मजदूरों सहित असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी ईएसआईसी और ईपीएफओ के अंतर्गत लाया गया है, जिससे औपचारिक कार्यबल का दायरा बढ़ा है।

**भारतीय उत्पादों के लिए विविध और विस्तृत बाजार :** न्यूज़ीलैंड, ओमान और ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते किए गए हैं। इससे निवेश बढ़ेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय उद्यमियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। ये समझौते भारत की वैश्विक अर्थव्यवस्था में विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी भागीदार के रूप में स्थिति को मजबूत करते हैं।



स्विट्ज़रलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिक्टेंस्टीन शामिल यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू कर दिया गया है। यह विकसित यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत का पहला एफटीए है।

**परमाणु ऊर्जा सुधार :** शांति अधिनियम भारत की स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह नाभिकीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी के सुरक्षित, संरक्षित और जिम्मेदार विस्तार के लिए मजबूत ढांचा सुनिश्चित करता है।

यह भारत को एआई युग की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाता है, जैसे डेटा सेंटर, उन्नत निर्माण, हरित हाइड्रोजन और उच्च-तकनीकी उद्योगों को ऊर्जा प्रदान करना।

नाभिकीय प्रौद्योगिकियों के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देता है, जैसे स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य सुरक्षा, जल प्रबंधन, उद्योग, शोध और पर्यावरणीय स्थिरता में। इससे समावेशी विकास और जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है।

निजी क्षेत्र की भागीदारी, नवाचार और कौशल विकास के नए अवसर खोलता है। यह भारत के युवाओं को अग्रणी तकनीकों और अगली पीढ़ी की ऊर्जा समाधानों में नेतृत्व करने का अवसर देता है।

यह निवेशकों, नवप्रवर्तकों और संस्थानों के लिए सही समय है कि वे भारत के साथ साझेदारी करें, निवेश करें, नवाचार करें और एक स्वच्छ, टिकाऊ और भविष्य-तैयार ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र बनाएं।

**ग्रामीण रोजगार गारंटी में महत्वपूर्ण सुधार :** विकसित भारत- ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2025 के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है।

इससे गांवों में बुनियादी ढांचा और आजीविका को मजबूत करने पर खर्च बढ़ेगा।

उद्देश्य ग्रामीण काम को उच्च आय और बेहतर संपत्तियाँ सुनिश्चित करने का माध्यम बनाना है।

**शिक्षा सुधार :** संसद में विधेयक पेश किया गया है।

एक एकीकृत उच्च शिक्षा नियामक स्थापित किया जाएगा।

यूजीसी, एआईसीटीई, एनसीटीई जैसी अलग-अलग संस्थाओं की जगह विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान स्थापित किया जाएगा। संस्थानों की स्वतंत्रता बढ़ाई जाएगी और नवाचार और शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। 2025 के इन सुधारों की महत्ता केवल उनके आकार में नहीं बल्कि उनकी मूल भावना में भी है। हमारी सरकार ने आधुनिक लोकतंत्र की भावना में नियंत्रण के बजाय सहयोग और नियमों के बजाय सुविधा को प्राथमिकता दी है।

ये सुधार छोटे व्यवसायों, युवा पेशेवरों, किसानों, कामगारों और मध्यम वर्ग की वास्तविकताओं को समझते हुए सहानुभूति के साथ बनाए गए हैं। इनका निर्माण परामर्श, डेटा और भारत के संवैधानिक मूल्यों पर आधारित है। ये सुधार हमारे दशक भर के प्रयासों को गति देते हैं, जिससे हम नियंत्रण आधारित अर्थव्यवस्था से उस अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ें, जो विश्वास के ढांचे में काम करती है और नागरिक को केंद्र में रखती है। ये सुधार एक समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं। विकसित भारत का निर्माण हमारी विकास यात्रा की मुख्य दिशा है। हम आने वाले वर्षों में भी सुधारों के एजेंडे को जारी रखेंगे। मैं भारत और विदेश में सभी से आग्रह करता हूं कि वे भारत की विकास गाथा के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करें। भारत पर भरोसा रखें और हमारे लोगों में निवेश करते रहें!

# विशिष्ट खगोलीय घटनाओं के आधार पर होता है नए संवत्सर का प्रारंभ



**अशोक प्रवृद्ध**

वर्तमान में हमारे देश में आंग्ल संवत्सर एवं अंग्रेजी वर्ष का प्रचलन है, जिसे ईसा संवत कहा जाता है। इससे संबंधित पंचांग अर्थात कैलेंडर को ईसाई कैलेंडर अथवा ग्रेगोरियन कैलेंडर अथवा जुलियन कैलेंडर के नाम से जाना जाता है। इसकी शुरुआत रोमन साम्राज्य के सम्राट जूलियस सीज़र ने विक्रम संवत के 10 वर्षों के बाद 45 ईसा पूर्व में की थी। वह वर्ष की शुरुआत शीतकालीन संक्रांति, जिसे उत्तरायण के नाम से जाना जाता है, से करना चाहते थे, लेकिन उस समय विश्व भर में महीने की शुरुआत अमावस्या से करने का चलन था। इसलिए उनके आदेश के बावजूद विक्रम संवत के 10वें महीने के पौष अर्थात मार्गशीर्ष मास के कृष्ण पक्ष में शीतकालीन संक्रांति के 7 दिन बाद शुरू हुआ। वर्ष की शुरुआत का मूल निर्धारित दिन क्रिसमस कहलाता था। उल्लेखनीय है कि जब सूर्य दक्षिण में सबसे दूर के विन्दु पर पहुंचता है और 22 दिसम्बर को उत्तर की ओर यात्रा शुरू करता है, तो इसे शीत संक्रांति अथवा उत्तरायण कहा जाता है। जुलियस सीजर ने इसी शीत संक्रांति के अवसर पर कैलेंडर आरंभ करने का आदेश दिया था, लेकिन जुलियस सीजर के आदेश के विपरीत शीत संक्रांति के सात दिन बाद प्रारंभ होने के कारण यह सूर्य के राशि चक्र में प्रवेश करने के सटीक विन्दुओं से शुरू नहीं होता है।

उत्तरायण अथवा शीत कालीन संक्रांति का दिन दिव्यदिन अर्थात देवताओं का दिन प्रारंभ होने का दिन होता है। यह शुभ दिन होता है, और इसका अपना विशिष्ट महत्व होता है। शीत संक्रांति की इसी महत्ता के कारण 3139 ईसा पूर्व महाभारत युद्ध के 10वें दिन बाणों की शय्या पर गिरने के बाद भीष्म पितामह ने अपने मृत्यु के लिए 58 दिनों तक प्रतीक्षा की थी और इस दिव्य दिन के प्रारंभ दिवस को ही मृत्यु का वरन किया था। चूंकि यह दिव्यदिन का प्रारंभ है, इसलिए इसे आमतौर पर बड़ा दिन कहा जाता है। सौर वर्ष इसी महीने से शुरू होता है। इसे आग्रहायन कहा जाता है क्योंकि यह हयान अथवा वर्ष का आरंभिक माह अर्थात आग है। वर्ष अथवा हयान के दो भाग होते हैं- उत्तरायण और दक्षिणायन। चूंकि विषुवतीय विन्दु लगभग 26,000 वर्षों में पीछे की ओर जा रहा है (लगभग 2000 वर्षों में 300), इसलिए भारतीय कालक्रम के इतिहास में लगभग 2 या 3 हजार वर्षों के अंतराल पर एक नई कैलेंडर प्रणाली की शुरुआत देखी जा सकती है। वर्तमान में उत्तरायण का यह दिव्यदिन 14-15 जनवरी को पड़ता है।

यह सर्वविदित है कि पृथ्वी की दीर्घवृत्ताकार कक्षा में वक्र गति निरंतर अपनी दिशा बदलती रहती है, जिससे ऋतुएं उत्पन्न होती हैं। और पृथ्वी पर जीवन का मूल कारण उसकी निरंतर बदलती ऋतुओं में निहित है। इसलिए संवत्सर ऋतुओं का जनक है, जिसे प्रजापति भी कहा जाता है। सौर मंडल में ऊर्जा के 6 क्षेत्र हैं, जिन्हें वशत्कार कहा जाता है। अंतरिक्ष में स्थित इन 6 वशत्कारों के समानांतर पृथ्वी पर 6 ऋतुएं होती हैं, जिनमें से प्रत्येक सूर्य की 2 राशियों (60 डिग्री) में गति के अनुरूप होती है। वर्ष या शरद शब्द ऋतु से अपने संबंध को स्पष्ट रूप से प्रकट करता है। ऐतरेय ब्राह्मण 7/17 में संवत्सर की परिभाषा देते हुए कहा गया है कि एक वर्ष (संवत्सर) में 360 आहानी (24 घंटे) या 720 आहोरात्र अर्थात दिन और रात होते हैं। संवत्सर के पर्यायवाची शब्द हैं- संवत, वत्सर, वर्षा, हायन, शक, शरद, सन् आदि। इसमें प्रत्येक पर्यायवाची शब्द संवत्सर के विभिन्न अर्थ, रूप और उपयोग को समाहित करता है। संवत्सर का एक अन्य अर्थ है- सम+वत+सरति अर्थात समीकृरूपेण सरति यस्मात् कालत् स संवत्सर), जिसका अर्थ है, वह काल जिससे सब कुछ संतुलित अवस्था से प्रारंभ होता है। यह एक ऐसा विशेष समय है, जिससे सब कुछ समवर्ती और एक साथ आगे बढ़ता है।

प्राचीन काल में जब कोई राजा किसी विशेष संवत्सर या संवत की शुरुआत करना चाहता था, तो वह अपनी प्रजा को सभी प्रकार के ऋणों से मुक्त कर देता था। इस प्रकार नया वित्तीय वर्ष और बाद में शैक्षणिक सत्र आदि संवत्सर के प्रारंभ से ही शुरू होते थे। इसलिए आज भी हमारी सभी गतिविधियां, वित्तीय वर्ष, शैक्षणिक सत्र, त्यौहार आदि संवत्सर के साथ चलते हैं। इसका अर्थ यह भी है कि यह युधिष्ठिर संवत, कलि संवत, विक्रम संवत आदि जैसी घटनाओं से शुरू होने वाले क्रमिक वर्षों की श्रृंखला है। किसी भी संवत्सर के प्रारंभ के पीछे कोई न कोई सामाजिक, धार्मिक, कृपालु या राजनीतिक कारण अवश्य होता है। आग्रयनेष्टि, नवन्नेष्टि, चातुर्मास्य आदि कई यज्ञ (श्रौत एवं स्मार्त यज्ञ) संवत्सर के प्रारंभ में ही संपन्न होते थे। जब भी कोई राजा किसी नए संवत या युग का शुभारंभ करना चाहता था, उसे अपनी प्रजा के सभी ऋणों का प्रायश्चित करना पड़ता था। नए संवत के शुभारंभ की यही अनूठी विशेषता भारतीय सभ्यता को विश्व के अन्य सभ्यताओं से कहीं अधिक श्रेष्ठ बनाती है। भारतीय परंपरा में किसी भी युग अथवा संवत या शक का प्रारंभ सामान्यतः विशिष्ट खगोलीय घटनाओं से मेल खाता है। हमारे प्राचीन पूर्वज इस बात से भली-भांति परिचित थे कि समय, ग्रहों की गति और सांसारिक जगत के बीच सीधा संबंध है। इसलिए संवत्सर के प्रारंभ विन्दु के रूप में कुछ विख्यात घटनाओं का उपयोग कर उन्हें आधार बनाया जाता था। जैसे -वसंत संपात, ग्रीष्म संक्रांति, शरद संपात और शीत संक्रांति। वसंत संपात - जब सूर्य 23 मार्च को भूमध्य रेखा पर पहुंचता है। ग्रीष्म संक्रांति अर्थात दक्षिणायन- जब सूर्य अपनी उत्तर दिशा की गति में सबसे दूर के विन्दु पर पहुंचता है और 23 जून को दक्षिण की ओर यात्रा शुरू करता है। शरद संपात -जब सूर्य 23 सितम्बर को भूमध्य रेखा को पार करता है। शीत संक्रांति अर्थात उत्तरायण- जब सूर्य दक्षिण में सबसे दूर के विन्दु पर पहुंचता है और 22 दिसम्बर को उत्तर की ओर यात्रा शुरू करता है। आज भी इन घटनाओं के आधार पर वर्ष या संवत्सर को प्रकट करने के लिए कई प्रणालियां या तरीके प्रचलित हैं।

विक्रम संवत का प्रारंभ 15 दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया और इसे शुभ चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से मनाया जाने लगा, जो वसंत नवरात्रि का आरंभिक दिन है। वर्तमान में यह होली के 15 दिन बाद पड़ता है। इस तिथि अर्थात चैत्र शुक्ल के पहले दिन को युगप्रवर्तक माना जाता है और भारतीय पौराणिक और खगोलीय ग्रंथों में इसे कल्पादि अर्थात कल्प का पहला दिन और युगादि अर्थात युग का पहला दिन के रूप में भी वर्णित किया गया है। पौराणिक व प्राचीन खगोलीय ग्रंथों में इस तिथि को सृष्टि का पहला दिन बताया गया है।

इसे मत्स्य जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लेकर मनु के जहाज को महाप्रलय से पार कराया था। भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र विशेष रूप से राजस्थान में इस तिथि को गण गौरी के रूप में भी मनाया जाता है। दंपति इस दिन देवी गौरी की पूजा करते हैं। महाराष्ट्र और दक्षिण भारत में इस तिथि को गुड़ी पड़वा के रूप में भी मनाया जाता है। भारत में व्रत- त्यौहार और शुभ कार्यों में इसी विक्रम संवत का उपयोग किये जाने का प्रचलन है, और इनके लिए इसी आधार पर दिन व तिथि तय किये जाते हैं। वर्तमान में विक्रम संवत 2082, जिसे कालयुक्त संवत्सर के नाम से जाना जाता है, चल रहा है, जो 18 मार्च 2026 को समाप्त होने की कगार पर है। नया विक्रम संवत 2083, 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होगा। नए विक्रम संवत का नाम रौद्र है, यह साठ संवत्सरों में रूद्र वीसी के अठाईसवें महायुग का 54वां रौद्र नामक संवत्सर होगा। भारतीय नववर्ष इसी दिन अर्थात 18 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

## वर्ग पहेली नं. 3308

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | 22 |
| ■ | 23 | | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | | ■ | 29 | |
| | ■ | 30 | | | | | | ■ | |

*बायें से दायें:-* 1) इजाज़त, 4) इज़्ज़त, 7) उथलपुथल, 9) शरण, 10) अवरोधात्मक, 11) समस्या, 13) देनेवाला, 14) धनाढ्य, 16) खुले में, 18) जेब, 19) माला, 20) दायजा, 21) कृपालु, 23) छेना, 24) नपुंसक, 26) दुगुना, 27) बिजली; वज्र, 29) सूर्यप्रकाश, 30) धूमधाम.

*ऊपर से नीचे:-* 2) महकीला, 3) एक तिलहन, 4) उत्साहहीनता, 5) मुखमंडल; सौंदर्य, 6) मतैक्य, 8) आभा; कांति, 10) तनिक-सा, 12) तमन्ना, 15) अपने से भिन्न, 17) अनुचित ढंग से ले लेना, 18) चिढ़ना; झल्लाना, 20) मक़बरा, 21) पीड़ा, 22) कमीनापन, 25) नाविक, 26) अंतर; फ़ासला, 28) पानी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | स | मा | नी | ■ | भू | टा | न | ■ | गि |
| ■ | सु | ■ | च | म | चा | ■ | स | मृ | द्ध |
| व | र | दी | ■ | ह | ल | का | ■ | ग | ■ |
| गै | ■ | ■ | क | ल | ■ | म | ल | या | ली |
| र | हा | स | हा | ■ | स | त | ह | ■ | ■ |
| ह | द | ■ | व | र्ध | क | ■ | सु | भी | ता |
| ■ | सा | के | त | ■ | प | त | न | ■ | री |
| घूँ | ■ | व | ■ | झों | का | ■ | ■ | सा | फ़ |
| ट | ना | ट | न | ■ | ना | वा | कि | फ़ | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3266

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | 8 | | |
| | 9 | | | | | | 1 | |
| | | 2 | | 4 | | | 5 | 3 |
| | | | | 2 | 7 | | | |
| | 3 | 4 | | | 8 | 6 | | |
| | | | | 1 | | | | 7 |
| 5 | | | 6 | 7 | | 3 | | |
| | | | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 4 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3265 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 1 | 3 | 8 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 8 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 6 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 4 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 |

# '2026 में बंगाल में बनेगी भाजपा सरकार', कोलकाता से अमित शाह ने भरी हुंकार

❖ **गृह मंत्री का दावा, भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ बनाएगी सरकार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल भय, भ्रष्टाचार और घुसपैठ से त्रस्त हो चुका है और अब राज्य विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देने वाली सरकार चाहता है। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य में भाजपा दो तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। अमित शाह ने साल्टलेक में आयोजित पत्रकार वार्ता की शुरुआत 30 दिसंबर के ऐतिहासिक महत्व से करते हुए कहा कि इसी दिन 1943 में नेताजी सुभाष



चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में आजाद हिंद फौज का ध्वज फहराया था। उन्होंने कहा कि यह दिन हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक है। आठ दशक के बाद बंगाल एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और अब से अप्रैल तक का समय राज्य की राजनीति के लिए बेहद अहम है।

❑ **'बंगाल में लौटेगा विकास'**

भाजपा की राजनीतिक यात्रा का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि पार्टी की जड़ें जनसंघ में हैं, जिसकी स्थापना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। उन्होंने आंकड़ों के जरिए भाजपा की बढ़ती ताकत को रेखांकित किया। 2014 में भाजपा को 17 प्रतिशत मत मिले और दो लोकसभा सीटें मिलीं। 2016 में 10 प्रतिशत वोट और तीन विधायक बने। 2019 में भाजपा को 41 प्रतिशत मत मिले। 2021 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 77 सीटें जीतीं, जिससे कांग्रेस राज्य में शून्य हो गई और वाम दलों का जनाधार समाप्त हो गया। 2024 में भाजपा को 39 प्रतिशत वोट और 12 लोकसभा सीटें मिलीं। अमित शाह ने कहा कि यही रुझान 2026 में भाजपा को सत्ता तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार कार्यभार संभालने के बाद महाराष्ट्र, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में भाजपा की सरकारें बनीं। 2024 में ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भाजपा और एनडीए की सरकार बनी। इसी कड़ी में 2026 में पश्चिम बंगाल भी भाजपा के साथ जुड़ेगा।

❑ **'तृणमूल शासन में एक के बाद एक हुए घोटाले'**

भ्रष्टाचार के मामलों पर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि तृणमूल शासन में एक के बाद एक घोटाले सामने आए हैं। यदि सभी मामलों की सूची बनाई जाए तो पूरा दिन लग जाएगा। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्यमंत्री यह बता सकती हैं कि उनके मंत्री के आवास से 27 करोड़ रुपये क्यों बरामद हुए। उन्होंने कहा कि पार्थ चटर्जी, ज्योतिप्रिय मल्लिक, चंद्रनाथ सिन्हा, कुणाल घोष और परेश अधिकारी जैसे कई तृणमूल नेता और मंत्री जेल जा चुके हैं, लेकिन सरकार जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं निभा रही।

❑ **'तृणमूल सरकार संविधान की मूल भावना का अपमान कर रही'**

तृणमूल पर सांप्रदायिक तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए अमित शाह ने कहा कि केवल वोट बैंक के लिए हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया गया। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने ऋषि बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की बंदे मातरम् पर संसद में चर्चा का भी विरोध किया, जिसे बंगाल कभी स्वीकार नहीं करेगा। अमित शाह ने आरोप लगाया कि राज्य में प्रधानमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, जैसा देश के किसी अन्य हिस्से में नहीं होता। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद सेवानिवृत्त अधिकारियों को पदों पर बनाए रखा गया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल सरकार संविधान की मूल भावना का अपमान कर रही है और राज्य में कमाने का अधिकार केवल मुख्यमंत्री के भतीजे तक सीमित रह गया है।

❑ **'तीसरे से 22वें स्थान पर पहुंच गया बंगाल की जीडीपी'**

आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि एक समय बंगाल देश की जीडीपी में तीसरे स्थान पर था, लेकिन आज 22वें स्थान पर पहुंच गया है। पहले बंगाल के लोग राष्ट्रीय औसत से अधिक आय अर्जित करते थे, जो अब घटकर 73 रह गई है। जिसे कभी सोनार बांग्ला कहा जाता था, वह पहचान आज मिटती जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत का पहला मोटर कारखाना, पावर प्लांट, ऊंची इमारतें, जूट मिलें, मेट्रो और आधुनिक विश्वविद्यालय कभी बंगाल की पहचान थे, लेकिन तृणमूल शासन में राज्य को पीछे धकेल दिया गया। यह स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, श्री अरविंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, रासबिहारी बोस और खुदीराम बोस की भूमि है। यदि घुसपैठ नहीं रोकी गई, तो बंगाल की संस्कृति और पहचान खतरे में पड़ जाएगी।

# एआई के माध्यम से मतदाताओं के नाम हटा रही केंद्र सरकार : ममता

## मुख्यमंत्री की चेतावनी, एक भी वैध मतदाता का नाम हटा तो टीएमसी निर्वाचन आयोग के कार्यालय का करेगी घेराव

**बांकुड़ा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से किया जा रहा एक बड़ा 'घोटाला' है। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची से एक भी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव करेगी। इस दिन, बांकुड़ा जिले के बड़जोड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर के नाम पर राज्य के लोगों को 'प्रताड़ित' किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के कारण करीब 60 लोगों की मौत हो गई।



बुजुर्गों को दस्तावेज सत्यापन की सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर एक भी वैध मतदाता का नाम हटाया गया तो तृणमूल कांग्रेस दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय का घेराव करेगी। ममता ने कहा कि राज्य के लोग इस तरह के 'उत्पीड़न' को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा को पश्चिम बंगाल में सत्ता में नहीं आने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा चुनाव नजदीक आते ही 'सोनार बांग्ला' बनाने का वादा करती है, लेकिन हकीकत में जिन राज्यों में वह सत्ता में है वहां बांग्ला बोलने वालों की पिटाई की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने एसआईआर प्रक्रिया के लिए दिल्ली स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय में अपने सदस्यों को तैनात किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कथित तौर पर एआई का इस्तेमाल करके 54 लाख नाम हटा दिए हैं और इन कार्यों का झूठा आरोप ईआरओ (निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी) पर लगाया है। ईआरओ एसोसिएशन ने पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि उन्होंने यह काम नहीं किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर किसी का उपनाम सिंह है और उसे अंग्रेजी में सिन्हा लिखा जाता है, तो नाम हटा दिया जाता है। लोगों को ऐसी ही बेतुकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अगर आपका नाम हटा दिया गया है, तो फॉर्म 7 और 8 भरें। यह आपका अधिकार है। हार मत मानिए। ममता ने तृणमूल कांग्रेस सांसद काकोली घोष दस्तीदार के बेटे को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाए जाने पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एसआईआर सुनवाई के दौरान तृणमूल कांग्रेस के बूथ-स्तरीय एजेंटों को अनुमति न दिए जाने पर भी निर्वाचन आयोग की आलोचना की।

**Name Change**

I, Kusum Singh wife of Sudhir Kumar Singh residing at 25A, Shivpur Sahabaiganj, P.O.-Padribazar, Dist.-Gorakhpur, Uttar Pradesh hereby declare that inadvertently in some documents my name is wrongly recorded as kumari Kusum instead of correct name Kusum Singh. That kumari Kusum and Kusum Singh is same and one identical person vide affidavit sworn before the Notary Public at Gorakhpur on 22.12.2025.

**Name Change**

I, Sumit kumar Singh son of Sudhir Kumar Singh residing at 25A, Shivpur Sahabajganj, P.O.-Padribazar. Dist.-Gorakhpur, Uttar Pradesh hereby declare that inadvertently in some documents my name is wrongly recorded as Sumit kumar instead of correct name Sumit Kumar Singh. That Sumit Kumar and Sumit Kumar Singh is same and one identical person vide affidavit sworn before the Notary Public at Gorakhpur on 22.12.2025.

**Name Change**

I, Sudhir Kumar Singh son of Narendra Singh residing at 25A, Shivpur Sahabajganj, P.O.-Padribazar, Dist.-Gorakhpur, Uttar Pradesh hereby declare that my son Aeshwarya Kumar Singh shall henceforth be known as Aishwary Kumar Singh and his correct date of birth is 20.9.2010 instead of 20.2.2010 as recorded in some documents. That Aeshwarya Kumar Singh and Aishwarya Kumar Singh is same and one identical person vide affidavit sworn before the Notary Public at Gorakhpur on 13.12.2025.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10सी-25, दिनांक 26.12.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10सी-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटरों के प्रावधान के लिए अतिरिक्त आइटमों की अनुमानित सूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,02,65,560.50, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,01,300/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 19.01.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-495/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-26-25, दिनांक 26.12.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-26-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के विभिन्न खंडों में ट्रैक नवीनीकरण के संबंध में बॉण्डिंग कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,32,43,200/-, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 2,16,200/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 19.01.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए किसी भी स्थिति में मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
HWH-494/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### विधानसभा चुनाव से पहले घुसपैठ मुद्दे पर गरमाई सियासत

# अमित शाह पर अभिषेक बनर्जी का प्रहार



❑ **आज तृणमूल नेता एसआईआर प्रक्रिया पर जाएंगे चुनाव आयोग**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में, अब तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने साफ शब्दों में अमित शाह को निकम्मा गृह मंत्री बताया। अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आजादी के बाद अगर कोई सबसे नाकाम और निकम्मा गृह मंत्री रहा है, तो वह अमित शाह हैं। तृणमूल महासचिव ने घुसपैठियों के मुद्दे पर अमित शाह पर पलटवार किया और कहा कि बिहार चुनाव के समय देश की राजधानी दिल्ली में धमाका हुआ, तो क्या वहां ममता बनर्जी की सरकार है? जम्मू-कश्मीर में चार आतंकवादी घुस आए और 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहां कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी है? उन्होंने आगे कहा कि सीमा सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है, जो गृह मंत्रालय के अधीन आता है। इसी तरह दिल्ली पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस भी गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती हैं। ऐसे में इन घटनाओं की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? इन्हीं बातों को हवाला देते हुए अभिषेक बनर्जी ने शाह को अब तक के निकम्मे गृह मंत्री बताया। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव से पहले बंगाल में डर और भ्रम का माहौल बनाना चाहती है। मतुआ समुदाय के मुद्दे पर भी अभिषेक ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि नागरिकता के नाम पर मतुआ समाज को 'गाजर' दिखाया जा रहा है। एक तरफ भाजपा नेता नागरिकता का आश्वासन देते हैं, दूसरी तरफ उनके ही सांसद कहते हैं कि अगर नाम कटे तो उन्हें भी हटाया जा सकता है। अभिषेक ने इसे भाजपा की दोहरी राजनीति बताया। बता दे कि अभिषेक बुधवार को दिल्ली में एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के सामने कई मांगें रखने वाले हैं। उससे पहले उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि घुसपैठ, सीमा सुरक्षा और कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार बंगाल सरकार पर आरोप लगाकर अपनी नाकामियों को छिपाने की कोशिश कर रही है।

# अमित शाह को महिलाओं की सुरक्षा पर उपदेश नहीं देना चाहिए : शशि पांजा

## मंत्री ने कहा... 'केंद्र के अनुसार, एमएसएमई में बंगाल दूसरे स्थान पर'

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और मंत्री शशि पांजा ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शाह की टिप्पणियों की आलोचना करते हुए उनसे आग्रह किया कि वह दुर्गा पूजा और क्रिसमस जैसे त्योहारों के दौरान बंगाल आएं जब हजारों महिलाएं बिना किसी डर के घूमती-फिरती हैं और उत्सवों में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि अगर कोई इक्का-दुक्का घटना होती भी है तो हमारा प्रशासन दोषियों को कानून के दायरे में लाने के लिए त्वरित कार्रवाई करता है। इसके विपरीत बिलकिस बानो के



बलात्कारियों को आपकी पार्टी के कार्यकर्ता माला पहनाते हैं। आपकी पार्टी कुलदीप सेंगर और बृज भूषण को संरक्षण देती है जिन पर अत्याचार करने के आरोप लगे हैं। अमित शाह को महिलाओं की सुरक्षा पर उपदेश नहीं देना चाहिए। पांजा ने शाह और भाजपा पर उस अपराजिता विधेयक को पारित होने में बाधा डालने का आरोप लगाया जिससे बलात्कारियों को दोषी पाए जाने के बाद नजीर बनने वाली सजा सुनिश्चित हो पाती। पांजा ने बंगाल के औद्योगिक पतन को लेकर शाह के दावों पर कहा कि 2011 से राज्य में 13।8 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। उन्होंने कहा कि केंद्र के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में बंगाल दूसरे स्थान पर है और वह बंगाल के औद्योगिक विकास को लेकर झूठ फैला रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत बैद्यबाटी स्टेशन, नबद्वीपधाम स्टेशन, पाकुड़ सी एरिया और श्रीरामपुर स्टेशन पर सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन एवं रखरखाव के लिए नया अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-नीलामी रेलवे बोर्ड के वर्ष 2022 के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 एवं वर्ष 2022 के कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-46-2025, लॉट सं./कैटेगरी और स्टेशन:** **(1) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीबीएई-टीओआई-34-25-2 और बैद्यबाटी (बीबीएई)। (2) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एनडीएई-टीओआई-64-25-1 और नबद्वीपधाम (एनडीएई)। (3) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-टीओआई-73-25-2 और पाकुड़ (पीकेआर)। (4) पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एसआरपी-टीओआई-76-25-1 और श्रीरामपुर (एसआरपी)। नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 12.01.2026 को 13.30 बजे।
HWH-492/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# तृणमूल कांग्रेस ने 294 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी को-ऑर्डिनेटरों के नाम किए घोषित

**कोलकाता :** 'अब लड़ाई का समय है'-इस घोषणा के महज तीन दिन के भीतर ही तृणमूल कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों को तेज करते हुए राज्य की सभी 294 विधानसभा सीटों के लिए पार्टी को-ऑर्डिनेटरों के नाम घोषित कर दिए हैं। गौरतलब है कि 26 दिसंबर को हुई वर्चुअल बैठक में पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने की घोषणा की थी।

उस घोषणा के बाद सोमवार रात पार्टी की चेयरपर्सन और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मंजूरी से 294 विधानसभा क्षेत्रों के लिए नियुक्त को-ऑर्डिनेटरों की सूची सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक कर दी गई। प्रारंभिक तौर पर 35 संगठनात्मक जिलों में कहीं एक ही को-ऑर्डिनेटर को एक से अधिक विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, तो कहीं किसी को केवल एक ही सीट का दायित्व दिया गया है।

इन नियुक्तियों में वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ सांसदों और विधायकों को भी जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही, युवा और महिला नेतृत्व को भी को-ऑर्डिनेटर के रूप में अहम भूमिका सौंपी गई है। खास बात यह है कि बीरभूम जिले की 11 विधानसभा सीटों के लिए किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरी कोर कमेटी को सामूहिक रूप से जिम्मेदारी दी गई है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इन नियुक्तियों के जरिए तृणमूल कांग्रेस जमीनी स्तर पर संगठन को और मजबूत करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरने की तैयारी कर रही है।

**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना-कोटा मण्डल सिविल इंजीनियरिंग (जीएसयू)**

**No.-GSU-KOTA-NIT Dt. 20.12.2025**

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू) पश्चिम मध्य रेल्वे कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेंडर संख्या**-GSU-KOTA-07-2025, **कार्य का विवरण**-प्रोजेक्ट सुपरविजन सर्विसेज फॉर कन्स्ट्रक्शन साइट्स ऑफ रोड ओवर ब्रिजज/ रोड अंडर ब्रिजेज, गुड्स शेड्स, 12 मीटर वाइड एफओबी, एडिशनल लूप लाइन ऑर अदर वर्क्स ऐज पर आरएफपी अंडर गति शक्ति यूनिट कोटा, वेस्ट सेंट्रल रेलवे। **अनुमानित लागत**-10,34,65,913.16, **बयाना राशि**-6,67,300.00, **टेण्डर भरने की अन्तिम तिथि एवं समय**-15.00 Hrs. On date 14.01.2026, पूर्ण विवरण वेबसाइट https://ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई-निविदा में तथा मुख्य परियोजना प्रबंधक (जीएसयू) पश्चिम मध्य रेलवे, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर कोटा के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। (हस्ता.)
मण्डल इंजीनियर (जीएसयू)
पश्चिम मध्य रेल्वे कोटा
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/76, दिनांक: 29.12.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 15245096सी,** मैग्नेटिक पार्टिकल इंस्पेक्शन इक्विपमेंट, रु. 1,91,160/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.02.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(2) 20252199,** संलग्न अनेक्सर के अनुसार 11 आइटमों से सम्मिलित एस्कॉर्ट्स प्रस्तुत टीवी टाइप शॉक अब्जॉर्बर (टीवी 600) 600 केजी x 600 केजी क्षमता के लिए पीओएच किट, रु.1,50,530/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 10.02.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(3) 19255034,** बगैर पिनियन के 3 फेज इंडक्शन ट्रैक्शन मोटर का क्रय, रु. 2,47,660/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(4) 20253007ए,** मेधा टाइप 3 फेज एसी ईएमयू मोटर कोचों के 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर टाइप टीएमई-48-45-6 के लिए पिनियन, रु. 1,01,650/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(5) 15255135,** ईओटी क्रेन 30 टन की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ आदि, रु. 1,54,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 18.02.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(6) 15255152,** डीईटीसी/यूएस के लिए 10 केवीए डीए सेट की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ आदि, रु. 1,55,150/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 19.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(7) 11252632,** जे टाइप बायो टैंक माउंटिंग व्यवस्था के साथ एलएचबी कोचों के लिए बायो-टैंक माउंटिंग ब्रैकेट इनर के सेट का क्रय, रु. 1,20,700/-, **(8) 22255902,** फिल्टर के साथ इंफ्यूजन सेट, पोर का माप अधिकतम 15 माइक्रोन। स्पेसि: एयर स्टॉप (एयर एम्बोलिज्म को रोकने के लिए) और प्राइम स्टॉप (फ्लूइड को फैलने से रोकने के लिए) के साथ फ्लूइड एडमिनिस्ट्रेशन सिस्टम, जिसमें इंटीग्रेटेड बैक चेक वाल्व (एयर वेंट, ट्यूबिंग में ब्लड को वापस बहने से रोकने के लिए), बैक्टीरियल रिटेंशन ट्रांसपेरेंट स्पाइक, ट्रांसपेरेंट ड्रिप चैंबर, चैंबर में 15 माइक्रोन फ्लूइड फिल्टर, मेडिकल ग्रेड डीईएचपी और लेटेक्स फ्री ट्रांसपेरेंट किंक फ्री ट्यूबिंग जिसमें ल्यूअर लॉक है, रु. 0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 15.01.2026, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 7 और 8 हेतु], **(9) 12255887,** वेल्ड करने योग्य सीएमएस क्रॉसिंग 60 केजी 1 इन 12 (टी-6412), रु. 17,51,120/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(10) 11255021,** एयर स्प्रिंग असेंबली आदि का क्रय, रु. 1,78,460/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.01.2026, **समय :** 13.30 बजे, **(11) पीएससीस्लीपर8746,** चौड़े पीएससी स्लीपर्स-आरटी-8746 के क्रय के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु. 50,00,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 16.01.2026, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 11 हेतु]।
**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
STORES-59/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### ममता ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर व्यक्त किया शोक



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की, जिन्हें उन्होंने एक 'प्रमुख जननेता' बताया। इस दिन, मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और एक प्रमुख जननेता बेगम खालिदा जिया के निधन से व्यथित हूं। मैं उनके परिवार, मित्रों और अनुयायियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# अधीर चौधरी ने पीएम मोदी से की मुलाकात, बांग्लाभाषी लोगों व मतुआ समुदाय के मुद्दों को उठाया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और 'विशेष रूप से भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर हो रहे हमलों' के मुद्दे तथा मतुआ समुदाय की समस्याओं को उनके समक्ष उठाया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी ने ऐसे हमलों को रोकने में मदद के लिए प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा होने की आशंका है। मुलाकात के बाद, पत्रकारों से बात करते हुए चौधरी ने कहा कि उन्होंने विभिन्न राज्यों में काम करने वाले बंगाली मजदूरों का मुद्दा उठाया और साथ ही मतुआ समुदाय के समक्ष आ रही समस्याओं के बारे में भी बात की।



प्रधानमंत्री के जवाब के बारे में पूछे जाने पर, चौधरी ने कहा कि उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह स्थिति पर नज।र रख रहे हैं और ऐसा नहीं होना चाहिए। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हुई इस मुलाकात के राजनीतिक महत्व के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि इसका कोई राजनीतिक महत्व नहीं है। मैं कुछ दिन पहले दिल्ली आया था, इत्तेफाक से मुझे उनसे मिलने का मौका मिला। चौधरी ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र भी सौंपा, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि देश के कुछ हिस्सों में बांग्लाभाषी लोगों के साथ 'घुसपैठिए' की तरह व्यवहार किया जा रहा है।

चौधरी ने पत्र में कहा कि उनका एकमात्र अपराध यह है कि वे बांग्ला भाषा में बात करते हैं जिसके कारण संबंधित प्रशासन अक्सर उन्हें पड़ोसी बांग्लादेश के लोग समझ लेता है और उन्हें घुसपैठिया मानकर उनसे उसी प्रकार व्यवहार करता है। उन्होंने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी बहुसंख्यक है और इस राज्य की सीमा बांग्लादेश से लगती है तथा देश के अन्य हिस्सों में ऐसे हमलों के कारण इन इलाकों में समुदायों के बीच सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह भेदभाव, हिंसा और देश के अन्य हिस्सों से आए प्रवासी मजदूरों के उत्पीड़न के खिलाफ सभी राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाएं।

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# विधानसभा चुनाव में भाजपा 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी : ब्रात्य बसु

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा द्वारा दो-तिहाई बहुमत हासिल किए जाने का उनका दावा निराधार है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने पत्रकारों से कहा कि शाह की टिप्पणियां खोखले दावों पर आधारित हैं। बसु ने दावा किया कि चुनाव में भाजपा 50 सीट का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकेगी। ब्रात्य बसु ने एक कार्यक्रम से इतर कहा कि शाह एक पर्यटक की तरह




आते-जाते रहेंगे। ऐसे दौरों से कोई लाभ नहीं होगा। बसु ने दावा किया कि भाजपा विधानसभा चुनाव में 50 का आंकड़ा भी पार नहीं करेगी और उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा।

## जेयू में हिजाब संबंधी विवाद पर राज्य ने कड़ा रुख अपनाया : शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) में हिजाब से संबंधित विवाद पर कड़ा रुख अपनाया है। इस तरह के कृत्य (हिजाब हटाना) को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि बंगाल में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। बंगाल अपनी बहुल-वादी परंपरा और धर्मनिरपेक्ष एवं उदार मूल्यों के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि हम अल्पसंख्यक आयोग से इस घटना के संबंध में निष्कर्षों का इंतजार करेंगे, उसके बाद ही कोई जवाब देंगे। अंग्रेजी विभाग के वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा इन आरोपों का खंडन किए जाने के बारे में पूछे जाने पर बसु ने कहा कि यह उनका पक्ष है। हम सभी तथ्यों की पुष्टि और जांच करने के बाद ही कुछ कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि कुलपति के निर्देशानुसार एक तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया गया है।

## नए साल की शुरुआत में शुरू होगा युवा भारती स्टेडियम का नवीनीकरण, मरम्मत खर्च को लेकर बना सवाल

**कोलकाता :** लियोनेल मेसी के युवा भारती स्टेडियम दौरे के दौरान हुई अव्यवस्था के बाद अब स्टेडियम की मरम्मत और नवीनीकरण का काम शुरू होने जा रहा है। संभावना है कि नए वर्ष की शुरुआत में ही मरम्मत कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। हालांकि, इस बात को लेकर अब भी सवाल बना हुआ है कि इस मरम्मत का खर्च मुख्य आयोजक शतद्रु दत्त वहन करेंगे या नहीं।



मेसी के दौरे के दौरान स्टेडियम में भारी तोड़फोड़ हुई थी। दर्शकों ने गैलरी की सीटें तोड़कर मैदान में फेंकी थीं। खिलाड़ियों के टनल और कैनोपी को भी नुकसान पहुंचाया गया था। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर सेवानिवृत्त न्यायाधीश असीम कुमार राय की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई थी।

जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है। स्टेडियम को हुए नुकसान का आकलन करने की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग को सौंपी गई थी। सूत्रों के अनुसार, पीडब्ल्यूडी ने अपनी रिपोर्ट नबान्न को सौंप दी है। रिपोर्ट की समीक्षा के बाद राज्य के शीर्ष अधिकारियों ने विभाग को सुझाव दिया है कि मरम्मत कार्य शुरू किया जाए।

चूंकि मुख्यमंत्री द्वारा गठित जांच समिति की प्रक्रिया पूरी होने तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया जा सकता था, इसलिए अब सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद युवा भारती स्टेडियम के नवीनीकरण का रास्ता साफ हो गया है।

### होमलेन अब मुनाफे में: 100 नए स्टोर्स के साथ देशभर में विस्तार की तैयारी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** होम इंटीरियर कंपनी होमलेन के लिए बीता साल बड़ी सफलता लेकर आया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 का अंत शानदार मुनाफे के साथ किया है। इस दौरान होमलेन ने 22% की सालाना बढ़त दर्ज करते हुए 756 करोड़ रुपये की कमाई की। सबसे खास बात यह रही कि चौथी तिमाही तक आते-आते कंपनी पूरी तरह मुनाफे की राह पर आ गई। होमलेन के सीईओ और सह-संस्थापक श्रीकांत अय्यर ने कहा, 2025 में हमने जो हासिल किया है, वह तो बस एक शुरुआत है। यह होमलेन की ग्रोथ के एक नए और रोमांचक दौर का आगाज़ है। अपने फ्रैंचाइज़ी नेटवर्क और काम करने के तरीके को मजबूत बनाकर हम देश के कोने-कोने तक हाई-क्वालिटी इंटीरियर पहुँचाने में सफल रहे हैं। 2026 में हमारा पूरा फोकस बड़े शहरों में अपनी पकड़ मजबूत करने और नए बाजारों में उतरने पर होगा।

## बंगला माध्यम के छात्रों की अंग्रेज़ी-भाषा की झिझक दूर करने को उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद की पहल

**कोलकाता :** बंगला माध्यम स्कूलों के छात्रों में अंग्रेज़ी बोलने और लिखने को लेकर बनी झिझक दूर करने के उद्देश्य से उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने विशेष कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। नए वर्ष की शुरुआत में सॉल्टलेक स्थित विद्यासागर भवन में इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

परिषद सूत्रों के अनुसार, 5 से 9 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाली इस कार्यशाला में 150 से अधिक स्कूलों के लगभग 2000 छात्र भाग लेंगे। प्रतिदिन दो सत्रों में 200-200 छात्रों को अंग्रेज़ी भाषा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पांच दिनों में कुल 2000 छात्र इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे।

यह प्रशिक्षण उन कक्षा 11 के



छात्रों के लिए होगा, जिनकी दूसरी भाषा अंग्रेज़ी है। परिषद का मानना है कि बंगला माध्यम के कई छात्र अंग्रेज़ी में बोलने और लिखने से डरते हैं, जिससे वे उच्च शिक्षा के स्तर पर पीछे रह जाते हैं। इसी कारण इस विशेष पहल की शुरुआत की जा रही है।

पहले चरण में कोलकाता, उत्तर व दक्षिण 24 परगना और हावड़ा के कुछ हिस्सों के स्कूलों के छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में इसे राज्य के सभी जिलों में विस्तार देने की योजना है।

## प्रकाश मित्र परिवार ने किया विशिष्ट समाजसेवियों का सम्मान

**कोलकाता :** प्रकाश मित्र परिवार, बैसवारा द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कोलकाता के कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन धर्मानुरागी, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रेम शंकर त्रिपाठी, जय प्रकाश सिंह, विश्वेश्वर प्रसाद दीक्षित, दीपक मिश्रा और शंकर बक्श सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।समारोह के दौरान वशिष्ठ जनों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रकाश मित्र परिवार के सचिव मनोज पांडे, सुरेश सिंह, वरिष्ठ सदस्य आलोक मिश्र, संदीप त्रिपाठी उप-स्थित रहे। प्रकाश मित्र परिवार के सदस्यों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों को बेहतर




कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और समाजहित में आगे भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की बात कही गई।समारोह का कुशल संचालन शंकर बक्श सिंह द्वारा किया गया। कोलकाता कान्यकुब्ज सभा, अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं बैसवारा समाज के संयुक्त तत्वावधान में उक्त समारोह का आयोजन किया गया था। मौके पर राजेंद्र प्रताप सिंह, शीतला मिश्र, तारक दत्त सिंह, हेमन्त मिश्र, आनंद किशोर मिश्र, गुड्डन सिंह, अजय तिवारी, अशोक तिवारी, संगम पांडे, अशोक शुक्ल, सुनील दीक्षित, बिलास सिंह, संजय मिश्र, उत्तम त्रिपाठी, आशीष त्रिवेदी, कुलदीप दीक्षित सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## कोलकाता में त्वरित वाणिज्य बढ़ा, इंस्टामार्ट ने त्योहारी बिक्री और प्रीमियम खरीदारी की रिपोर्ट साझा की

**कोलकाता, समाज्ञा**

इंस्टामार्ट की वार्षिक उपभोक्ता रुझान रिपोर्ट 'हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड 2025' के अनुसार, कोलकाता में त्वरित वाणिज्य तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि कुछ ग्राहकों ने पिछले एक साल में 1,200 से अधिक ऑर्डर किए, जबकि एक खरीदार ने एक ही ऑर्डर में 1.99 लाख खर्च किए। सोने के सिक्के और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे प्रीमियम उत्पादों की बिक्री में भी वृद्धि देखी गई।

दैनिक उपयोग की वस्तुओं में बिस्कुट, पटाखे, चिप्स, बेबी वाइप्स, स्किनकेयर, फ्रोजन फूड और घरेलू आवश्यकताएं प्रमुख रहीं। मौसमी उछाल बारिश के कपड़े, पूजा सामग्री और बच्चों की मिठाइयों की वजह से देखा गया। मांस, अंडे, सॉस, सब्जियां और खाना पकाने के तेल की बिक्री भी बढ़ी।

इंस्टामार्ट के मुख्य व्यापार अधिकारी हरि कुमार गोपीनाथन ने कहा कि त्वरित वाणिज्य अब तुरंत जरूरत, शौक और योजनाबद्ध खरीदारी सभी को कवर करता है।

यह प्रवृत्ति कोलकाता में जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गई है और त्योहारी तैयारियों के दौरान विशेष रूप से बढ़ती हुई दिख रही है।

## कोलकाता से खाटू धाम बिना कहीं रुके जाएगी 'डाक निशान'

**कोलकाता, समाज्ञा**

एक निशान श्याम के नाम द्वारा आयोजित पंचम डाक निशान पदयात्रा जो 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे राम दरबार, राघव रेजीडेंसी (साउथ हावड़ा) से राजस्थान स्थित श्री श्याम मंदिर, खाटू धाम के लिए रवाना हुई, जो 30 दिसम्बर को वाराणसी पहुंची जहां एक निशान श्याम के नाम का स्वागत कोलकाता के समाजसेवी श्याम नारायण सिंह तथा वाराणसी के श्याम प्रेमियों द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ मुलाकात होटल में किया गया। यह यात्रा 11 दिनों में बिना कहीं रुके 5 जनवरी 2026 को खाटू श्याम बाबा के दरबार में पहुंचेगी।

इस पावन पदयात्रा के यात्रियों तथा वाराणसी के श्याम प्रेमियों



द्वारा मुलाकात होटल में संध्या संकीर्तन का आयोजन किया गया, बाबा की ज्योत जलाई गई। वहीं उपस्थित रहे एक निशान श्याम के नाम के मुकेश गोयल, मनोज अग्रवाल, विकाश मंडावेवाला, कमल अग्रवाल, रविशंकर पाण्डेय तथा एक निशान श्याम के नाम की टीम सह वाराणसी के श्याम प्रेमी, इस 1800 किमी की डाक पदयात्रा को एक निशान श्याम के नाम नाम से यूट्यूब चैनल तथा फेसबुक पेज को फॉलो तथा सब्सक्राइब कर लाइव देख सकते है।

## हियरिंग के दबाव में बुज़ुर्ग की मौत का आरोप, ज्ञानेश कुमार और मनोज अग्रवाल के खिलाफ थाने में शिकायत

**पुरुलिया :** एसआईआर हियरिंग से जुड़े कथित दबाव के बीच एक बुज़ुर्ग की मौत को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मंगलवार को मृतक दुर्जन माझी (82) के परिजनों ने डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

परिवार का आरोप है कि एसआईआर हियरिंग में समय पर पहुंचने की चिंता और नोटिस मिलने के बाद से दुर्जन माझी मानसिक तनाव में थे। सोमवार को हियरिंग के दिन ब्लॉक कार्यालय जाने के लिए वह टोटो खोजने घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। करीब तीन घंटे बाद घर के पास रेलवे ट्रैक से उनका शव बरामद हुआ।

घटना के बीच डिप्टी इलेक्शन कमिशर ज्ञानेश कुमार मंगलवार सुबह कोलकाता पहुंचे हैं और मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के साथ बैठक करने के साथ-साथ एसआईआर हियरिंग चल रहे कई बूथों का निरीक्षण करने वाले हैं। मामले को लेकर इलाके में तनाव है और पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

## विश्व इज्तेमा - 2026 के लिए सियालदह और गुराप के बीच दो जोड़ी ईएमयू स्पेशल ट्रेनें

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल ने आगामी विश्व इज्तेमा - 2026 के लिए यात्रियों की बढ़ी हुई भीड़ को देखते हुए विशेष प्रबंध किए हैं। इसके तहत, सियालदह और गुराप के बीच दो जोड़ी 12-कार ईएमयू स्पेशल ट्रेनें 31 दिसंबर, 2025 और 1 जनवरी 2026 को संचालित की जाएंगी। अप सियालदह-गुराप ईएमयू स्पेशल, सियालदह से सुबह 09:15 बजे और दोपहर 13:45 बजे रवाना होंगी। ये क्रमशः गुराप सुबह 10:53 बजे और दोपहर 15:18 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेनें धनियाखाली हॉल्ट स्टेशन पर क्रमशः 10:41 बजे और 15:06 बजे एक मिनट के लिए रुकेंगी। डाउन गुराप-सियालदह ईएमयू स्पेशल गुराप से सुबह 11:12 बजे और दोपहर 15:30 बजे रवाना होंगी। ये क्रमशः सियालदह 12:53 बजे और 17:30 बजे पहुंचेगी। मार्ग में धानियाखाली हॉल्ट स्टेशन पर ट्रेनें 11:22 बजे और 15:41 बजे एक मिनट के लिए ठहरेंगी। पूर्व रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे यात्रा के समय विशेष ट्रेनों के निर्धारित समय का ध्यान रखें और सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें।

## आईएमए नैटकॉन 2025 में हृदय रोग विशेषज्ञों ने सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल पर पुनर्विचार की मांग की

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन नैटकॉन 2025 में देश के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञों ने आहार वसा और हृदय स्वास्थ्य के बीच संबंधों पर विज्ञान-आधारित दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि बदलते शोध के परिप्रेक्ष्य में पुरानी धारणाओं का पुनर्मूल्यांकन जरूरी है। डॉ. वरुण बंसल ने एथेरोस्क्लेरोसिस, सैचुरेटेड फैट और पाम ऑयल पर अपने सत्र में स्पष्ट किया कि सभी सैचुरेटेड फैट समान नहीं होते और हृदय रोग का जोखिम केवल किसी एक तत्व पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने संतुलित आहार और विविध खाद्य तेलों के संयमित उपभोग पर बल दिया। डॉ. केतन मेहता ने पाम टोकोट्रिएनोल्स की कार्डियोप्रोटेक्टिव भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के कारण हृदय स्वास्थ्य में सहायक हैं और सुरक्षित भी हैं। सम्मेलन ने चिकित्सकों को आधुनिक शोध के आधार पर संतुलित, रोगी-केंद्रित पोषण अपनाने के महत्व को समझने का अवसर दिया।

### सृजन रियल्टी ने 'बी.टी. रोड रिटेल' पेश किया

**कोलकाता :** पूर्वी भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक, सृजन रियल्टी, गर्व से 'बी.टी. रोड रिटेल' के लॉन्च की घोषणा करता है, जो सोदेपुर क्रॉसिंग के पास बी.टी. रोड पर रणनीतिक रूप से स्थित एक समकालीन, उद्देश्य-निर्मित हाई स्ट्रीट रिटेल हब है। उत्तरी कोलकाता में संगठित रिटेल के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया। अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, सृजन रियल्टी के निदेशक करण अग्रवाल ने कहा, सृजन रियल्टी में, हमारा विज़न ऐसी जगहें बनाना है जो लोगों के रहने, काम करने और शहर का अनुभव करने के तरीके को बेहतर बनाएँ। बी.टी. रोड रिटेल एक आधुनिक हाई स्ट्रीट रिटेल डेस्टिनेशन है जो उत्तरी कोलकाता में ग्लोबल-स्टैंडर्ड शॉपिंग, सुविधा और लाइफस्टाइल अनुभव लाता है। यह प्रोजेक्ट सोच-समझकर शहरी विकास, प्रीमियम इंफ्रास्ट्रक्चर और जीवंत सामुदायिक जुड़ाव के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### निवारक स्वास्थ्य, डिजिटल नवीकरण और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल भारत के बीमा रुझान पर हावी

**नई दिल्ली/कोलकाता :** केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने आज अपनी 2025 से जुड़ी व्यापक वार्षिक रुझान रिपोर्ट की घोषणा की। रिपोर्ट में बदलते उपभोक्ता व्यवहार, डिजिटल प्रक्रिया अपनाने और स्वास्थ्य संबंधी दावों के उभरते पैटर्न का विश्लेषण पेश किया गया, सक्रिय स्वास्थ्य बीमा खरीद और डिजिटल जुड़ाव से संबद्ध प्राथमिकता को रेखांकित किया गया। केयर हेल्थ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, मनीष डोडेजा ने कहा, हमारी वार्षिक रुझान रिपोर्ट से स्पष्ट है कि भारतीय स्वास्थ्य बीमा उपभोक्ता सक्रिय रूप से व्यापक स्वास्थ्य कवरेज की तलाश कर रहे हैं और अधिक डिजिटल प्रक्रिया अपना रहे हैं। उपभोक्ता निवारक स्वास्थ्य सेवा और जीवनशैली से जुड़ी देखभाल को प्राथमिकता दे रहे हैं। इन व्यवहारिक बदलावों के आधार पर हम यह सुनिश्चित करते हैं कि केयर हेल्थ इंश्योरेंस ऐसे समाधान प्रदान करे जो सहज हों। हम स्वास्थ्य बीमा को समझने में आसान, अधिक सुलभ और हमारे ग्राहकों की बढ़ती ज़रूरतों के अनुकूल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्राइवेट बैंकिंग ग्राहकों को खर्च पर ज्यादा रिटर्न देने मार्केट में आया नया क्रेडिट कार्ड

**दिल्ली/कोलकाता :** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने अपने चुनिंदा प्राइवेट बैंकिंग ग्राहकों के लिए नया इनविटेशन-ओनली मेटल क्रेडिट कार्ड 'गजः' लॉन्च किया है। शिरीष भंडारी, हेड- क्रेडिट कार्ड्स, फास्टैग और लॉयल्टी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, ने कहा, गजः क्रेडिट कार्ड भारत की विरासत और उसके दिग्गजों के प्रति हमारे गहरे सम्मान को दर्शाता है। यह कार्ड हमारी अश्व-मयूर-गजः ट्रिलॉजी का सबसे बड़ा हिस्सा है और आधुनिक भारतीयों की समझदारी और ताकत को उजागर करता है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ऐप के जरिए होटल बुकिंग पर 50 गुना और फ्लाइट बुकिंग पर 25 गुना रिवॉर्ड्स मिलते हैं, जिससे ग्राहकों को ट्रैवल पर 33 प्रतिशत तक वैल्यू रिटर्न मिल सकता है।

## युवाओं में आत्मशक्ति का संचार: 'ऊर्जा - द पावर ऑफ एनर्जी' में गूंजे प्रेरणादायी विचार

❑ सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) का 'ऊर्जा' मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) की ओर से युवाओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से रविवार को साल्ट लेक स्थित डाउनटाउन मॉल के बॉम्बे शिव सागर बैंक्वेट में पहली बार अभिनव एवं प्रेरणादायी मोटिवेशनल सेमिनार ऊर्जा - द पावर ऑफ एनर्जी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध सेलिब्रिटी मोटिवेशनल स्पीकर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं यूथ मेंटर नैना मोर ने मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर अपार शक्तियां निहित होती हैं, किंतु वह उनसे अनभिज्ञ रहता है, जैसे हनुमान जी को उनकी शक्ति का स्मरण कराए जाने पर हुआ था; आवश्यकता केवल अपनी आंतरिक ऊर्जा को पहचानने और उसे सही दिशा में उपयोग करने की है। उन्होंने महाभारत के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि जब अर्जुन अपने कर्तव्य से विचलित होने लगे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें जागृत किया, वहीं आज के समय में भी युवा अक्सर जो सोचते हैं वह चाहते नहीं और जो चाहते हैं वह सोचते नहीं।



कार्यक्रम का संचालन संयोजक आदित्य विक्रम बियानी एवं सह संयोजक विशेष सराफ ने किया, जबकि परिषद के सचिव रवि शंकर सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को आत्मचिंतन, सकारात्मक सोच एवं लक्ष्य निर्धारण की दिशा में प्रेरित करते हैं। परिषद के अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया एवं अध्यक्ष अरविंद बियानी की प्रेरणा से सेवा, संस्कार और संस्कृति के साथ इस प्रकार के सार्थक कार्यक्रमों की श्रृंखला आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने इसे अत्यंत प्रेरणादायी और जीवन को दिशा देने वाला अनुभव बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह सचिव नवनीत सोढ़ानी, केशव सोमानी, रवि लोहिया एवं सुनीता लोहिया का विशेष सहयोग रहा।

## हावड़ा मंडल ने रेलवन ऐप को अपनाने के लिए यात्रियों में जागरूकता बढ़ाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने यात्रियों के लिए डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देने और यात्रा अनुभव को और सहज बनाने के उद्देश्य से कोन्नगर रेलवे स्टेशन पर रेलवन मोबाइल ऐप के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस अभियान में वाणिज्यिक अधिकारियों ने सीधे यात्रियों से संवाद किया और ऐप की प्रमुख विशेषताओं से उन्हें परिचित कराया। इसमें रिजर्व और अनरिजर्व टिकट बुकिंग, प्लेटफार्म टिकट, वास्तविक समय में ट्रेन अपडेट, पीएनआर स्थिति, रिफंड सुविधा, रेल मदद सेवाएं और ई-कैटरिंग




विकल्प शामिल थे। यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने और पंजीकरण करने की ऑन-साइट मार्गदर्शन भी प्रदान की गई, ताकि वे इसकी समेकित सेवाओं का पूर्ण लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पाम्फलेट वितरित किए गए और व्यक्तिगत सहायता प्रदान की गई, विशेषकर दैनिक यात्रियों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए, ताकि उन्हें तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवाओं का अनुभव मिल सके। पूर्व रेलवे ने इस पहल के माध्यम से डिजिटल सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया और सभी यात्रियों को रेलवन ऐप अपनाकर स्मार्ट और सहज यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## पूर्व रेलवे की नई समय-सारिणी 2026 से लागू, यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की नई समय-सारिणी 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इस नई समय-सारिणी का मुख्य उद्देश्य ट्रेन संचालन प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार करना तथा मार्गों के अनुकूलन के माध्यम से यात्रा समय में पर्याप्त कमी लाना है। यह सुधार पूरे वर्ष किए गए समर्पित रखरखाव कार्यों, बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण तथा पटरियों के उन्नयन का परिणाम है। इसके चलते यात्री अब तेज, सुरक्षित और अधिक कुशल रेल यात्राओं की उम्मीद कर सकते हैं। नई समय-सारिणी में मेल एवं एक्सप्रेस, यात्री ट्रेनों और लोकल ट्रेनों के समय में बड़े बदलाव किए गए हैं। उपनगरीय खंड के यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई समय-सारिणी में कई ईएमयू लोकल ट्रेनों के मार्ग विस्तार का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 6 हावड़ा-आरामबाग-हावड़ा ईएमयू लोकल (37359, 37365, 37367, 37369, 37360, 37366) को गोघाट तक विस्तारित किया जाएगा। इसी तरह दो हावड़ा-तारकेश्वर-हावड़ा ईएमयू लोकल (37341, 37354) तथा चार तारकेश्वर-आरामबाग-तारकेश्वर ईएमयू लोकल (37385, 37396, 37398, 37386) को भी गोघाट तक बढ़ाया जाएगा।

इसके अलावा, एक सियालदह-राणाघाट ईएमयू लोकल (31635) को शांतिपुर तक, एक बी.बी.डी. बाग-बैरकपुर ईएमयू लोकल (30113) को कल्याणी तक तथा एक बैरकपुर-सियालदह ईएमयू लोकल (31242) को भी कल्याणी तक विस्तारित किया जाएगा। वहीं, दो वर्दवान-तीनपहाड़ मेमू ट्रेनें (63063, 63064) साहिबगंज तक विस्तारित की जाएंगी। नई समय-सारिणी के तहत 6 ईएमयू ट्रेनों की आवृत्ति में भी संशोधन किया गया है। हासनाबाद-बारासात-हासनाबाद ईएमयू लोकल (33318/33321) अब सप्ताह में छह दिन के बजाय प्रतिदिन चलेगी।

वहीं, सियालदह-बैरकपुर-सियालदह ईएमयू लोकल (31223/31242) और बैरकपुर-बी.बी.डी. बाग ईएमयू लोकल (30116/30113) को दैनिक संचालन के स्थान पर सप्ताह में 6 दिन चलाया जाएगा। इसके अतिरिक्त पूर्व रेलवे ने 45 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों तथा 203 ईएमयू, मेमू, डेमू और पैसेंजर ट्रेनों के समय में संशोधन किया है।

## पूर्व रेलवे ने 2025 में रेल नेटवर्क को ऐतिहासिक परियोजनाओं और नई सेवाओं से मजबूत बनाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने वर्ष 2025 में बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, नई सेवाओं और रेल नेटवर्क के विस्तार के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। जनवरी से दिसंबर तक किए गए कार्यों से न केवल रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ी, बल्कि यात्रियों के लिए सुविधाएं और कनेक्टिविटी भी बेहतर हुई।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्याणी घोषपाड़ा, पानागढ़, राजमहल, शंकरपुर और पीरपैंती स्टेशनों का उद्घाटन किया, जिससे स्टेशन पुनर्विकास पहलों को बड़ा प्रोत्साहन मिला। इसके अलावा, हावड़ा मंडल की नई डीआरएम बिल्डिंग का उद्घाटन किया गया, जिससे मंडल की परिचालन क्षमता और भी सुदृढ़ हुई। क्षमता विस्तार के क्षेत्र में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीरियॉडिकल ओवरहॉलिंग (पीओएच) क्षमता के संवर्धन हेतु आधारशिला रखी। राउंड ट्रिप मेंटेनेंस के लिए मधुपुर कोचिंग कॉम्प्लेक्स को भी चालू किया गया, जिससे यात्री कोचों के रखरखाव की क्षमता और विश्वसनीयता में वृद्धि हुई। यात्री सेवाओं के क्षेत्र में सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड हमसफर एक्सप्रेस, पुरुलिया-बांकुड़ा-हावड़ा मेमू ट्रेन, मालदह टाउन-लखनऊ अमृत भारत एक्सप्रेस और गोड्डा-दौराई साप्ताहिक एक्सप्रेस जैसी नई ट्रेनों की शुरुआत की गई। सियालदह-राणाघाट एसी ईएमयू, राणाघाट-बनगांव-सियालदह और सियालदह-कृष्णनगर मार्ग पर भी एसी ईएमयू सेवाओं का विस्तार किया गया। हावड़ा-जमालपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और कोलकाता-सैरांग त्रि-




साप्ताहिक एक्सप्रेस को भी परिचालित किया गया। रेल अवसंरचना के विस्तार में गोड्डा-पोरैयाहाट के बीच भटोंधा हॉल्ट, कुरमाहाट-हंसडीहा बढ़ैत हॉल्ट, ककनी-हंसडीहा सर्वधाम हॉल्ट और महेशमारा हॉल्ट के शिलान्यास शामिल हैं। रोजगार और जनसंपर्क को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता में 16वां रोजगार मेला आयोजित किया गया। माल परिवहन क्षेत्र में अंडाल में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का कमीशनिंग किया गया, जिसमें दो रेलवे लाइनें और राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई। इन सभी पहलों के माध्यम से पूर्व रेलवे न केवल रेल अवसंरचना को मजबूत कर रही है, बल्कि यात्री अनुभव और क्षेत्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# बिराटी के जदुबाबू बाजार में भीषण अग्निकांड, दो सौ से अधिक दुकानें जलकर खाक

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में बिराटी स्टेशन से सटे जदुबाबू बाजार में सोमवार की देर रात भीषण आग लगने से करीब दो सौ से अधिक दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं, जिससे सैकड़ों छोटे व्यापारी एक ही रात में सर्वस्व खो बैठे। बाजार में आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है। व्यापारियों ने घटना की पूर्ण और निष्पक्ष जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रात में अचानक बाजार से आग की लपटें उठने लगीं। जब तक व्यापारियों को सूचना मिली,



तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी और लगभग पूरा बाजार उसकी चपेट में आ चुका था। बाजार की सभी दुकानें टिन की छत वाली थीं और वहां कोई अग्नि-निरोधक व्यवस्था मौजूद नहीं थी।

इसी कारण आग तेजी से फैलती चली गई और कुछ ही समय में पूरे बाजार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सात दमकल इंजनों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, दमकल कर्मियों की तत्परता के बावजूद तब तक बाजार पूरी तरह जल चुका था। घटनास्थल पर उत्तर दमदम नगरपालिका के चेयरमैन विधान विश्वास भी पहुंचे। उनके साथ कई पार्षद मौजूद थे। पीड़ित व्यापारियों की दुर्दशा देखकर उन्होंने उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने पूरे मामले की विस्तृत जांच की भी मांग की। इस भीषण अग्निकांड से इलाके में आक्रोश का माहौल है। पीड़ित व्यापारी अब प्रशासन से आर्थिक मदद और जल्द पुनर्वास की मांग कर रहे हैं।

## स्ट्रैंड रोड और अलीपुर से हथियारों का जखीरा बरामद, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के दो अलग-अलग अभियान में पुलिस ने बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। स्ट्रैंड रोड और अलीपुर चिड़ियाखाना के पास के इलाकों से कई देसी और आधुनिक हथियार बरामद किए गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस घटना में अब तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि एक सूचना पर अलीपुर चिड़ियाखाना के पास आरफनगंज इलाके में तलाशी ली गई। वहां जमीन के नीचे दबे 11 गैर-कानूनी हथियार बरामद किए गए। इन हथियारों को रखने के आरोप में राजेश कुमार साउ नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि गिरफ्तार राजेश भाजपा नेता राकेश सिंह का करीबी है और उसके कहने पर तीन महीने पहले हथियार लाकर उस इलाके में



छिपाए गए थे। डीसी (साउथ) प्रियब्रत रॉय ने बताया कि अरफनगंज इलाके में हथियारों के जमा होने की जानकारी मिलने के बाद, थाने से एक पुलिस टीम और एक बम स्क्वॉड भेजा गया था। जॉइंट सर्च में बुधवार के तड़के जमीन से 11 देसी और हाई-क्वालिटी हथियार बरामद किए गए। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि राकेश सिंह का बरामदगी वाली जगह के इलाके में असर है और इस हथियार गैंग से जुड़े कुछ और लोग शुरुआती जांच में उसके करीबी के तौर पर सामने आए हैं। पुलिस का अंदाज़ा है कि हथियार बिहार के मुंगेर से लाए गए होंगे। इस बीच, कोलकाता पुलिस स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीफ) ने न सिर्फ अलीपुर से बल्कि स्ट्रैंड रोड से भी हथियार बरामद किए हैं। बाबूघाट से सटे इलाके में रेड के दौरान दो लोगों से दो बैग जब्त किए गए। उस बैग से तीन एडवांस्ड हथियार और 20 राउंड कारतूस बरामद किए गए। एसटीफ सूत्रों के मुताबिक, पहले एक व्यक्ति को हथियारों से भरे बैग के साथ गिरफ्तार किया गया। उससे पूछताछ के बाद दूसरे आरोपियों के ठिकाने का पता चला। बाद में, पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए लोगों के नाम रवींद्र प्रसाद और जितेंद्र प्रसाद हैं और वे दोनों भाई हैं। फिलहाल, पुलिस यह जांच कर रही है कि ये हथियार कहां से लाए गए थे और इनके इस्तेमाल की मंशा क्या थी।

### पांशकुड़ा में बस के अंदर लटका मिला कर्मचारी का शव

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के तमलुक के पांशकुड़ा स्टेशन से सटे बस स्टैंड में खड़ी एक बस के अंदर से बस कर्मचारी का लटकता हुआ शव बरामद किया गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान शेख मिराज (42) के रूप में हुई है। वह हुगली जिले के गोघाट थाना अंतर्गत उल्लामपुर इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार, पांशकुड़ा-बर्दवान रूट की उक्त बस रात में वहीं खड़ी रहती है और रोज़ाना सुबह 4:15 बजे बर्दवान के लिए रवाना होती है। मंगलवार के तड़के, बस के निर्धारित समय पर निकलने से पहले ही बस के भीतर हेल्पर का शव लटका हुआ देखा गया। मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना मिलते ही पांशकुड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक के परिवार को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### धमकी : तृणमूल विधायक ने फिर बंद कर दी सुनवाई



**हुगली, समाज्ञा :** वोटर सूची संशोधन की सुनवाई को लेकर एक बार फिर हुगली जिले में तनाव की स्थिति बन गई है। सोमवार को चुंचुड़ा-मोगरा ब्लॉक में सुनवाई के दौरान ब्लॉक लेवल एजेंटों की मौजूदगी की मांग को लेकर चुंचुड़ा के तृणमूल कांग्रेस विधायक असित मजूमदार मुखर हो उठे। इस मांग को लेकर करीब एक घंटे तक सुनवाई प्रक्रिया बंद रही। मंगलवार को उसी मांग को लेकर विधायक पोलबा-दादपुर ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। वे सीधे बीडीओ के कमरे में प्रवेश कर गए। कुछ देर बाद बीडीओ जगदीशचंद्र बरुई वहां पहुंचे। विधायक ने अपनी मांग रखी, जिस पर बीडीओ ने साफ तौर पर कहा कि चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार सुनवाई कक्ष में बीएलए को प्रवेश की अनुमति नहीं है। इसके बाद विधायक ने बीडीओ से इस बयान को लिखित रूप में देने को कहा। बीडीओ के इनकार करने पर नाराज विधायक ने सुनवाई प्रक्रिया बंद करा दी। इस घटना के चलते एक बार फिर वोटर सूची संशोधन की सुनवाई बाधित हुई। इसे लेकर आम मतदाताओं के बीच असंतोष फैल गया है।

## न्यू ईयर ईव पर मेट्रो यात्रियों की सुरक्षा चाक-चौबंद, प्रमुख स्टेशनों पर विशेष इंतज़ाम

**कोलकाता :** न्यू ईयर ईव यानी 31 दिसंबर 2025 को यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए मेट्रो रेलवे ने व्यापक सुरक्षा इंतज़ाम किए हैं। इस दिन एस्प्लानेड, पार्क स्ट्रीट, मैदान, रवींद्र सदन, दमदम और दक्षिणेश्वर सहित प्रमुख मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ की जाएगी।

मेट्रो प्रशासन की ओर से बताया गया है कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त आरपीएफ कर्मियों की तैनाती की जाएगी। पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन पर महिलाओं और बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में महिला आरपीएफ अधिकारी व कर्मी भी तैनात रहेंगे।

इसके अलावा, 31 दिसंबर को पार्क स्ट्रीट, मैदान और एस्प्लानेड स्टेशनों पर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष टीम को स्टैंडबाय रखा जाएगा। साथ ही, त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्विक रिस्पॉन्स टीम-क्यूआरटी) को भी इन स्टेशनों के लिए अलर्ट मोड में रखा जाएगा।

केंद्रीय कंट्रोल रूम में भी पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रियल टाइम आधार पर सीसीटीवी निगरानी की जाएगी। पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए क्यू मैनेजर, लाउड हेलर, रस्सियों सहित अन्य यात्री नियंत्रण उपाय किए जाएंगे। सुरक्षा के मद्देनज़र डॉग स्क्वॉड की मदद से एंटी-सैबोटाज जांच भी की जाएगी।

इसके साथ ही, पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर एक अधिकारी और चार कर्मचारियों की अतिरिक्त विशेष टीम तैनात रहेगी। पार्क स्ट्रीट, मैदान और एस्प्लानेड स्टेशनों पर यात्रियों को मार्गदर्शन, सहायता और सहयोग देने के लिए पर्याप्त संख्या में आरपीएफ कर्मियों की व्यवस्था की गई है।

उल्लेखनीय है कि यात्रियों की सुविधा और सुचारु आवागमन के लिए न्यू ईयर ईव की रात ब्लू लाइन पर 21:40 बजे के बाद 4 अप और 4 डाउन सहित कुल आठ अतिरिक्त मेट्रो सेवाएं भी चलाई जाएंगी।

मेट्रो रेलवे ने यात्रियों से मेट्रो कर्मचारियों और सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी लोग सुरक्षित, सुगम और परेशानी मुक्त यात्रा कर सकें।

## वित्त विभाग की अनुमति के बिना कृषि विपणन बोर्ड में नियुक्ति

❑ **नवान्न ने जारी की चेतावनी**

**कोलकाता :** राज्य के कृषि विपणन विभाग के अधीन वेस्ट बंगाल स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड में वित्त विभाग की अनुमति लिए बिना नियुक्ति किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर नवान्न की ओर से रिपोर्ट तलब की गई थी। कृषि विपणन विभाग में अनुबंध के आधार पर इंजीनियर पद पर की गई इस नियुक्ति से संबंधित रिपोर्ट अब नवान्न को सौंप दी गई है।

कृषि विपणन विभाग की ओर से मुख्य सचिव को दी गई रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि उक्त नियुक्ति वित्त विभाग की पूर्व अनुमति के बिना ही की गई थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि संबंधित नियुक्ति को पहले ही रद्द कर दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, इस नियुक्ति के लिए न केवल वित्त विभाग बल्कि कृषि विपणन विभाग की औपचारिक मंजूरी भी नहीं ली गई थी। विभाग ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में इस तरह की कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी और सभी नियमों का सख्ती से पालन किया जाएगा। आगे से किसी भी नियुक्ति के लिए पहले कृषि विकास विभाग की अनुमति ली जाएगी और उसके बाद वित्त विभाग को फाइल भेजी जाएगी, जैसा कि राज्य में सामान्य नियुक्ति प्रक्रिया के तहत किया जाता है।

इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए नवान्न ने कृषि विपणन विभाग को कड़ी चेतावनी जारी की है और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं से सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।

## स्थानीय कला और उन्नत सुविधाओं के साथ बिमलगढ़ स्टेशन बनेगा आधुनिक और सुलभ

**कोलकाता/बिमलगढ़ :** भारतीय रेलवे के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले स्थित बिमलगढ़ रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। यह स्टेशन न केवल यात्री आवागमन बल्कि माल ढुलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। पुनर्विकास के बाद स्टेशन अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और यात्री-अनुकूल बनेगा। इस योजना के अंतर्गत स्टेशन पर नया भवन उन्नत मुखौटे (फसाड) के साथ तैयार किया जा रहा है। नए प्रवेश और निकास द्वार, बेहतर सर्कुलेटिंग एरिया और प्लेटफॉर्म शेल्टर यात्रियों की आवाजाही और आराम को सहज बनाएंगे। प्लेटफॉर्म की सतहों का उन्नयन, कैनोपी और फसाड सुधार कार्य भी किए जा रहे हैं।




यात्रियों की सुविधा और समावेशिता को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाओं पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सर्कुलेटिंग एरिया और प्लेटफॉर्म पर दिव्यांगजन शौचालय, रैम्प, जल बूथ, टैक्टाइल पाथ और ब्रेल साइनेज लगाए जा रहे हैं ताकि सभी के लिए सुगम पहुँच सुनिश्चित की जा सके। स्टेशन में प्रतीक्षालय और नई बैठने की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्थानीय संस्कृति और कला को सम्मान देते हुए स्टेशन की दीवारों पर क्षेत्रीय पहचान दर्शाने वाली पेंटिंग की जा रही है। यह पहल न केवल आधुनिक और समावेशी रेलवे अवसंरचना की दिशा में एक कदम है, बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास को भी प्रोत्साहित करेगी।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिसमें ओडिशा के 59 स्टेशनों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बिमलगढ़ जंक्शन का पुनर्विकास यात्रियों के लिए बेहतर सुविधा, सुगम पहुंच और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### पश्चिम बंगाल गड़ेरी समाज के आसनसोल शाखा का वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** 25 दिसंबर को पश्चिम बंगाल गड़ेरी समाज शाखा आसनसोल के द्वारा वार्षिक गड़ेरी सम्मेलन आसनसोल उषा ग्राम भगत पाड़ा में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय एवं समाज का झंडोतोलन राष्ट्रीय गान एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पेरियार बीआर अंबेडकर एवं चंद्रगुप्त मौर्य के मानचित्र पर फूल माला चढ़कर नमन किया गया। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों कोलकाता, हावड़ा, हुगली, रानीगंज, बांकुड़ा, वर्धमान, मेदिनीपुर, इच्छापुर के साथ-साथ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश से भी स्वजातीय काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## युद्ध नहीं भजन बढ़ाता है यश : क्षमाराम महाराज

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा सत्संग समिति द्वारा फोरशोर रोड स्थित लक्ष्मी विलास गार्डन में रामचरितमानस के सामूहिक पाठ के अष्टम् दिवस सिंहस्थल पीठाधीश्वर महंत क्षमाराम महाराज ने पाठ से पूर्व सार में कहा कि जब काल (मौत) समीप होता है व्यक्ति को सच नहीं दिखता है न ही सही सलाह समझ में आती है। ऐसी स्थिति में उल्टा-पल्टा बोलता है। मंदोदरी रावण को समझाती हुई कहती है कि हे नाथ-आप भगवान राम को साधारण तपस्वी समझने की भूल न करें, उन्हें सीमित दृष्टि से न देखें। भगवान राम जगत के मालिक हैं। उनके विराट स्वरूप को देखिए ताकि मेरा सौभाग्य बना रहे। रावण कहता है, समझ गया तू डर गई। स्त्रियों में सदा आठ अवगुण मौजूद होते हैं। चिन्ता न करो। ऐसा कहकर वह दरबार में चला गया। इधर, जामवंत ने राम से



कहा कि अंगद को दूत बनाकर लंका भेजा जाए। यदि रावण समझ जाए तो युद्ध टल जाए क्योंकि युद्ध से विशेष किसी को लाभ नहीं होता। राम ने अंगद को समझाया, जाकर रावण से ऐसे ढंग से बात करना ताकि मेरा काज हो जाए और उसका (रावण) का हित भी हो जाए। अंगद रावण को खूब समझाया पर वह न समझ सका। अंत में अंगद ने पैर रोप दिया पर कोई उठा न सका। रावण पैर उठाने झुका तो अंगद ने कहा कि मेरे चरणों में नहीं भगवान के चरणों में झुको, तेरा कल्याण होगा। फिर, मंदोदरी रावण को समझाती हुई बोली, हे स्वामी !जिसने शिवजी के धनुष को तोड़ दिया, खर-दूषण व बाली को मार दिया, क्या वह नर है? राम नर नहीं साक्षात नारायण है। आपका यश युद्ध करने से नहीं भगवान का भजन करने से बढ़ेगा। जो राम विमुख होता है उसका परिणाम अच्छा नहीं होता। कभी-कभी राक्षसी प्रवृतियां भी युद्ध जीतने के लिए यज्ञ का सहारा लेती हैं और यज्ञ करती हैं। राम-रावण युद्ध के बीच मेघनाथ और स्वयं रावण ने युद्ध का सहारा लिया पर उसे राम की सेना ने विध्वंस कर दिया था क्योंकि यह अपावन यज्ञ था। यज्ञ वही है जो लोक कल्याण के लिया किया जाता है। रामचरितमानस का सामूहिक पाठ का आयोजन मनमोहन मल्ल एवं पवन पचेरिया के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम पचेरिया, राजेश बंका, भरत जालान, मन्टुश पोद्दार, हरि भगवान तापड़िया की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सूचना प्रसारण महावीर प्रसाद रावत ने किया।

## नदी में नहाने के दौरान डूबा युवक तलाश जारी

**हुगली, समाज्ञा :** दोस्तों के साथ सर्दियों के मौसम में पिकनिक मनाने आए एक युवक की द्वारकेश्वर नदी में डूबने से मौत हो गई। नहाने के लिए नदी में उतरे अन्य युवक तैरकर किनारे निकलने में सफल रहे, लेकिन वह युवक बाहर नहीं निकल सका और लापता हो गया। आरामबाग के मनसातला डिमडिमी घाट के पास इस घटना को लेकर इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस और परिवार सूत्रों के अनुसार, लापता युवक का नाम सौरभ चोंगदार है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सौरभ अपने कुछ दोस्तों के साथ पिकनिक पर गया था। पिकनिक के दौरान चार-पांच युवक द्वारकेश्वर नदी में नहाने उतरे। कुछ ही देर बाद बाकी सभी नदी से बाहर आ गए, लेकिन सौरभ पानी में डूब गया और फिर बाहर नहीं आ सका। घटना की सूचना मिलते ही आरामबाग थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समय बीत जाने के बावजूद गोताखोरों के नहीं पहुंचने से स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। बाद में स्थानीय लोग खुद नाव लेकर बचाव कार्य में जुट गए और नदी में तलाश शुरू की। खबर लिखे जाने तक युवक का सुराग नहीं मिला। पूरे दिन भर तलाशी अभियान चलता रहा। जानकारी के मुताबिक, सौरभ का घर आरामबाग के बसुदेवपुर इलाके में है। वहीं से वे सभी द्वारकेश्वर नदी के किनारे पिकनिक मनाने आए थे। बताया जा रहा है कि सौरभ को तैरना नहीं आता था, इसी वजह से वह इस हादसे का शिकार हो गया। सौरभ के पिता दिलीप चोंगदार पेशे से इंजन चालित ट्रॉलीवैन चालक हैं और खेती-बाड़ी भी करते हैं। सौरभ ने स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी।

## सियालदह रेल मंडल ने कनेक्टिविटी और क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े बुनियादी सुधारों की घोषणा की

❑ **आपरेशनल रुकावटों को खत्म करने के लिए व्यापक रणनीति बनाई**

❑ **बढ़ती यात्री मांग को पूरा करने के लिए यार्ड और लाइन क्षमता का भी रणनीतिक विस्तार**

**कोलकाता :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मार्गदर्शन में पूर्व रेलवे का सियालदह मंडल कनेक्टिविटी और क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े बुनियादी सुधारों के लिए तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का लक्ष्य तेजी से बढ़ती यात्री मांग को पूरा करना और आसान आवागमन अनुभव के लिए नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है। यात्रियों के अनुभव को बदलने के लिए, सियालदह मंडल एक बहु-स्तरीय इंफ्रा स्ट्रक्चर रणनीति लागू कर रहा है। इसका फोकस रुकावटों को दूर करने और यह सुनिश्चित करने पर है कि नेटवर्क अधिक ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी को सटीकता के साथ सपोर्ट कर सके। रेक प्रबंधन को आप्टिमाइज करने और निर्बाध प्रस्थान सुनिश्चित करने के लिए, सियालदह मंडल नई स्टेबलिंग लाइन के माध्यम से क्षमता में काफी वृद्धि कर रहा है और सियालदह (वुडगोला) में उच्च क्षमता वाले हब बनाएगा, जिसमें 4 लाइनें जोड़ी जाएंगी, जबकि बेलघरिया साइडिंग में 6 नई लाइनों के साथ एक बड़ा विस्तार होगा। इसी तरह कल्याणी में चार लाइनें बनाई जाएंगी। साथ ही बनगांव, कृष्णानगर सिटी, कैनिंग और डायमंड हार्बर में अतिरिक्त स्टेबलिंग इंफ्रा स्ट्रक्चर को एकीकृत किया जा रहा है।

ट्रेनों की देरी को कम करने के लिए, कुलपी, लालगोला और गेदे में नई लूप लाइनें बनाई जा रही हैं। ये अतिरिक्त लाइनें यह सुनिश्चित करेंगी कि मालगाड़ियां और धीमी गति से चलने वाली ट्रेनें हाई-स्पीड यात्री सेवाओं में बाधा न डालें, जिससे समग्र समय की पाबंदी में सुधार होगा। मंडल ने 13 रणनीतिक स्टेशनों पर व्यापक यार्ड रीमाडलिंग भी कराने का निर्णय लिया है, जिसमें कृष्णानगर सिटी, बनगांव, बैरकपुर और डायमंड हार्बर जैसे प्रमुख जंक्शन शामिल हैं, ताकि पुराने लेआउट को आधुनिक, सुव्यवस्थित ट्रैक कान्फिग़रेशन से बदला जा सके और ये अपग्रेड विशेष रूप से 2030 तक अनुमानित यात्री यातायात में दोगुना वृद्धि को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। साथ ही मंडल ने ट्रेन संचालन में सुधार, भीड़ कम करने और समय की पाबंदी बढ़ाने के लिए लेकगार्डन- बजबज, बारुईपुर - डायमंड हार्बर, सोनारपुर- कैनिंग, रानाघाट- कृष्णानगर सेक्शन में स्वचालित सिग्नलिंग आधुनिकीकरण शुरू करने की योजना भी बनाई है। सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना ने बताया कि ये परियोजनाएं पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के देवस्कर के मार्गदर्शन में की जा रही हैं। नियोजित अपग्रेड विशेष रूप से सियालदह डिवीजन में लंबे समय से चली आ रही परिचालन बाधाओं को खत्म करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## महिलाओं में माइग्रेन पर नियंत्रण के लिए विशेषज्ञों की सलाह, 7 जरूरी उपाय बताए

**कोलकाता, समाज्ञा**

महिलाओं में माइग्रेन की समस्या तेजी से बढ़ रही है और विशेषज्ञों के अनुसार पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे तीन गुना अधिक प्रभावित होती हैं। चिकित्सकीय आंकड़ों के मुताबिक महिलाओं में माइग्रेन के करीब 30 प्रतिशत मामलों का सीधा संबंध हार्मोनल बदलावों, विशेषकर मासिक धर्म के आसपास, से होता है। यह समस्या केवल सामान्य सिरदर्द नहीं, बल्कि कई बार दैनिक जीवन और कार्यक्षमता को पूरी तरह प्रभावित कर देती है। नेशनल न्यूरोसाइंसेज सेंटर, कोलकाता के मेडिकल डायरेक्टर एवं चीफ कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. तापस कुमार बनर्जी ने बताया कि हार्मोन के अलावा तनाव, अनियमित नींद, समय पर भोजन न करना और जीवनशैली से जुड़े अन्य कारण भी माइग्रेन को ट्रिगर करते हैं। उन्होंने कहा कि इन कारणों की पहचान और जीवनशैली में छोटे बदलाव माइग्रेन नियंत्रण में अहम भूमिका निभाते हैं।

विशेषज्ञों ने हार्मोन संतुलन, तनाव प्रबंधन, नियमित नींद, संतुलित आहार, कैफीन का सीमित सेवन, समय पर दवा और जरूरत पड़ने पर न्यूरोलॉजिस्ट से परामर्श जैसे सात प्रमुख उपाय सुझाए हैं। उनका कहना है कि सही जानकारी और चिकित्सकीय सलाह से महिलाएं माइग्रेन पर प्रभावी नियंत्रण पा सकती हैं।

## एसआईआर : बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर पर सुनवाई की मांग, टीएमसी ने सीईओ से की मुलाकात

❑ **सिर्फ 85 साल से ऊपर नहीं, 60 वर्ष के लोगों को मिले लाभ : तृणमूल कांग्रेस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल से मुलाकात कर 60 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को राहत देने की मांग की। पार्टी ने कहा कि ऐसे बुजुर्ग मतदाताओं को एसआईआर सहायता शिविरों में बुलाने के बजाय उनके घर पर ही सुनवाई की व्यवस्था की जाए। टीएमसी का कहना है कि शिविरों में होने वाली सुनवाई के दौरान बुजुर्ग और बीमार मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए पार्टी



के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से 'मानवीय और समावेशी प्रक्रिया' अपनाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ को दिए पत्र में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी की हालिया अधिसूचना का स्वागत किया, जिसमें 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं और बीमार लोगों को फोन के जरिए संपर्क करने और घर पर सत्यापन की अनुमति दी गई है। हालांकि, टीएमसी ने कहा कि यह सुविधा सिर्फ 85 साल से ऊपर तक सीमित न रहकर 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मिलनी चाहिए। पत्र में, कहा गया कि 60 वर्ष की उम्र को केंद्र और राज्य सरकारें वरिष्ठ नागरिक मानने का आधार मानती हैं, ऐसे में इससे कम सहानुभूति दिखाने का कोई तर्क नहीं है, खासकर उन लोगों के लिए जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं।

❑ **'सुनवाई के लिए बुलाए जा रहे करीब 1.36 करोड़ मतदाता'**

टीएमसी ने एक और मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के बीच निर्वाचन आयोग ने 'तार्किक विसंगति' नाम से एक नई श्रेणी जोड़ दी है, जिसके तहत करीब 1.36 करोड़ मतदाताओं को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। पार्टी का आरोप है कि आयोग ने न तो ऐसे मतदाताओं की सूची जारी की है और न ही यह स्पष्ट किया है कि किन कारणों से उन्हें चिह्नित किया गया है।

इसके अलावा, टीएमसी ने कहा कि कई जगहों पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) को सुनवाई में शामिल होने से रोका जा रहा है, जबकि ऐसा करने का कोई आधिकारिक आदेश नहीं है। पार्टी ने तर्क दिया कि जब एजेंट मतदान के दौरान मौजूद रह सकते हैं, तो मतदाता सूची में संशोधन या नाम हटाने की प्रक्रिया के समय उन्हें बाहर रखने का कोई कारण नहीं है।

टीएमसी ने मांग की कि 'तार्किक विसंगति' में चिह्नित सभी मतदाताओं की पूरी सूची सार्वजनिक की जाए, 60 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को घर पर सुनवाई की सुविधा दी जाए और सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को सुनवाई में शामिल होने का अधिकार स्पष्ट रूप से सुनिश्चित किया जाए। इस पत्र पर टीएमसी सांसद पार्थ भौमिक, मंत्री पुलक रॉय, शशि पांजा, बीरबहा हांसदा और सांसद बापी हालदार के हस्ताक्षर हैं। पार्टी ने समयबद्ध जवाब की भी उम्मीद जताई।

## पुलिस ने छह घंटे में सुलझाई लाखों की चोरी का मामला

**सिलीगुड़ी :** माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। चोरी की शिकायत दर्ज होने के महज छह घंटे के भीतर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब दस लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक का नाम अभिजीत मुंडा (19) है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना शिवमंदिर शांतिपुर हालेरमाथा इलाके की है। सोमवार दोपहर करीब डेढ़ घंटे के लिए घर खाली होने का फायदा उठाकर बदमाश ने अमित झा के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शाम को घर लौटने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद माटीगाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत मिलते ही माटीगाड़ा थाने की पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने आरोपित की पहचान की। इसके बाद पुलिस ने दागापुर निवासी अभिजीत को गिरफ्तार कर लिया। कड़ी पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने विश्वास कॉलोनी के एक जंगल से जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए चोरी के जेवरात बरामद किए। बरामद सामान में 70 ग्राम सोने और 365 ग्राम चांदी के आभूषण शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत करीब दस लाख रुपये बताई जा रही है। माटीगाड़ा थाने की पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण : राष्ट्रपति मुर्मू

**गुमला (झारखंड):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आदिवासी समुदाय के विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए मंगलवार को शिक्षित व्यक्तियों से आग्रह किया कि वे लोगों की विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी समुदाय के समावेशी विकास के लिए काम कर रही है, ताकि विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। मुर्मू ने झारखंड के गुमला जिले में अंतरराज्यीय जनसांस्कृतिक समागम समारोह-कार्तिक यात्रा (अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक सभा) को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस समागम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य के आदिवासी समुदायों के लोगों ने भाग लिया। मुर्मू ने कहा, ''शिक्षा विकास की कुंजी है। शिक्षा व्यक्तित्व को निखारती है, विकास के अवसर



पैदा करती है और समावेशी विकास एवं सामाजिक न्याय का माध्यम बनती है।'' उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के बाद, कई लोग शहरों में बसना पसंद करते हैं और अपने गांवों में वापस नहीं लौटते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, ''हमें अपने गांव जाना चाहिए और लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं तथा उनके लाभों के बारे में उन्हें जागरूक करना चाहिए। सरकार अपना काम करेगी, लेकिन शिक्षा प्राप्त करने के बाद हमें भी अपना योगदान देना चाहिए।'' इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, ''यह सरकार आदिवासी समुदाय के समावेशी विकास में विश्वास रखती है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए काम कर रही है। सरकार ने बिरसा मुंडा के नाम से कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ न केवल आदिवासी लोगों को मिलेगा, बल्कि उन लोगों को भी मिलेगा, जो अभी भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।'' मुर्मू ने कहा कि सरकार मिशन मोड पर काम कर रही है, ताकि उन्हें आवास, पेयजल, सड़क, स्कूल आदि जैसी सभी सुविधाएं मिल सकें। गुमला में आदिवासी विश्वविद्यालय की मांग पर मुर्मू ने कहा कि वह प्रयास करेंगी, लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार जनता की मांग पूरी करेगी। राष्ट्रपति रविवार रात तीन दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचीं। इससे पहले दिन में, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ रांची के लोक भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की।



**बिहार: मुख्यमंत्री कुमार ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया निरीक्षण**

## रामनवमी पर्व में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी : नितिन नवीन

**पटना:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बांकीपुर के विधायक नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि रामनवमी केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, मर्यादा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, भगवान श्रीराम के आदर्श-सत्य, धर्म और करुणा-आज भी समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। रामनवमी शोभा यात्रा अनुशासन, सौहार्द और सामाजिक समरसता का संदेश देती है इसलिए सभी कार्यकर्ताओं और आयोजकों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि पिछले कई वर्षों से श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति द्वारा शोभा यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जाता रहा है। उल्लेखनीय है कि बिहार की राजधानी पटना में आगामी रामनवमी पर्व को भव्य, दिव्य और शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को लेकर श्री श्री रामनवमी शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन भी शामिल हुए।

## झारखंड में शीतलहर का प्रकोप, गुमला में तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस

**रांची:** झारखंड में मंगलवार को शीतलहर की स्थिति बनी रही और गुमला में न्यूनतम तापमान 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि कम से कम 13 जिलों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर गया। खूंटी में तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस, लोहरदगा में 4.6 डिग्री सेल्सियस और डाल्टनगंज में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उप निदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, अगले चार से पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। राज्य के उत्तरी भागों, विशेषकर बिहार से सटे जिलों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है।

## सोनभद्र में कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में वांछित चार अभियुक्तों पर इनाम घोषित

**सोनभद्र:** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में पुलिस ने कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में वांछित चार अभियुक्तों के बारे में सूचना देने पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने बताया कि जिले में कोडीन युक्त कफ सिरप का अवैध व्यापार करने के मामले से जुड़े अपराधियों के खिलाफ 'कतई न बर्दाश्त करने की नीति' के तहत सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रत्येक अभियुक्त पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

## गाजीपुर में तीन लोगों की हत्या के मामले में तीसरा शव बरामद

**गाजीपुर:** उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के एक गांव में पुरानी दुश्मनी को लेकर तीन लोगों की हत्या के मामले में तीसरे युवक का शव एक तालाब से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सभी तीन लोगों के शव बरामद हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा ने बताया कि पिछले कई दिनों से जिले के गहमर गांव के तालाब का पानी घटने के बाद तीसरे युवक अंकित सिंह (23) का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व दो युवकों- विक्की सिंह और सौरभ सिंह का शव मिला था जिसका पोस्टमार्टम कराया गया। इस प्रकरण में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है जबकि तीन चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## 'बेस्ट एजुकेशन मिनिस्टर अवार्ड' से सम्मानित हुए बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार

**पटना:** नयी दिल्ली में आयोजित 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को मंगलवार को 'बेस्ट एजुकेशन मिनिस्टर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रशासनिक कार्य के लिए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ.एन.के.अग्रवाल को 'नेशनल हायर एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एक्सीलेंस अवार्ड' प्रदान किया गया। आयोजकों के अनुसार, यह सम्मान राज्य में शिक्षा सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा नीति-आधारित नवाचारों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. एन.के. अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी दिशा-निर्देशों में व्यावहारिक रूप से लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समावेशी, गुणवत्तापूर्ण, नवाचार-युक्त



एवं शोधपरक शिक्षण व्यवस्था के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 'सात निश्चय-3' के तहत उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य के लक्ष्य के साथ राज्य के पुराने एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही, एक नयी 'एजुकेशन सिटी' के निर्माण एवं विकास को भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। आयोजकों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल सम्मानित व्यक्तित्वों के लिए, बल्कि बिहार के शिक्षा परिदृश्य के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिससे राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सशक्त पहचान मिल रही है।

## एआई व डेटा में नवाचार के नए मापदंड स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा साल 2025 : आदित्यनाथ

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को वर्ष 2026 को राज्य के लिए एक अहम साल बताते हुए कहा कि वर्ष 2025 को टेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डेटा-संचालित नवाचार में नए मानक स्थापित करने के लिए याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे वर्ष 2026 के लिए एक विशेष संकल्प लें और अपने आसपास पांच बच्चों को कंप्यूटर और एआई के विषय में जागरूक करें।

## राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य यजमान होंगे राजनाथ सिंह

**अयोध्या (उप्र):** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में बुधवार को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम में मुख्य यजमान के तौर पर प्रतिभाग करेंगे और राम लला की पूजा अर्चना करेंगे। अयोध्या के जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फंडे ने कहा कि इस अवसर पर राजनाथ सिंह इस मंदिर परिसर में स्थित सात मंदिरों में से एक अन्नपूर्णा मंदिर में ध्वजारोहण भी करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि मुख्य कार्यक्रमों का आयोजन बुधवार और बृहस्पतिवार को किया जाएगा, जबकि प्राण-प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम शुक्रवार



तक चलेगा। बीते शनिवार से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा अनुमान है कि इन दो दिनों में राम लला के दर्शन के लिए पांच से छह लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए बृहस्पतिवार तक वीआईपी पास पर रोक लगाई गई है। इस अवधि के दौरान, राम लला के दर्शन पूजन के लिए प्रवेश केवल मुख्य द्वार से ही होगा। श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए राम मंदिर और हनुमानगढ़ी के बाहर तीन से चार लाइनों में खड़ा रहना होगा। पुलिस अधीक्षक (नगर) सीपी त्रिपाठी ने कहा कि नगर के भीतर वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है और कुल 36 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

## बिहार : राजद ने जद(यू) सांसदों को मिले सरकारी आवास पर उठाए सवाल

**पटना:** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास से जुड़े विवाद के बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने जनता दल (यूनाइटेड) के दो सांसदों को मिले सरकारी आवास का मुद्दा उठाया है। राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता नवल किशोर यादव ने बिहार के भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर राज्यसभा सदस्य संजय झा और लोकसभा सदस्य देवेश चन्द्र ठाकुर को आवंटित सरकारी आवास को लेकर सवाल खड़े किए हैं। राजद प्रवक्ता ने पत्र में पूछा है कि दोनों सांसद अब भी बिहार सेंट्रल पूल के सरकारी आवास पर किस नियम और किन परिस्थितियों में काबिज हैं। राजद का दावा है कि ये आवास उन्हें उस समय आवंटित किए गए थे, जब वे मंत्री और सभापति के पद पर थे, लेकिन पद परिवर्तन के बावजूद अब तक आवास खाली नहीं कराए गए हैं। राजद ने यह भी सवाल उठाया है कि आखिर किस नियम के तहत इन आवासों को अब तक खाली नहीं कराया गया और क्या राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर सरकारी बंगले पर कब्जा बनाए रखा गया है। राज्य के भवन निर्माण विभाग की ओर से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं किए जाने को लेकर भी पार्टी ने आपत्ति जताई है। बिहार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सरकारी आवास को लेकर नयी राजनीतिक बहस छिड़ गई है। राजद का कहना है कि सरकारी संपत्तियों के उपयोग में नियमों का समान रूप से पालन होना चाहिए और किसी भी तरह के विशेषाधिकार की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

## नए साल से पूर्व राजस्थान के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भीड़



**जयपुर:** नए साल से पहले राजस्थान के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है, शहरों में भारी यातायात जाम लगा हुआ है और होटलों में कमरों की कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं। नए साल के अवसर पर जयपुर, जैसलमेर, उदयपुर, जोधपुर और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की भारी भीड़ है। जैसलमेर के एक पर्यटन अधिकारी के अनुसार, 'गोल्डन सिटी' में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं। सोनार किला पर्यटकों से भरा हुआ है और बड़ी भीड़ देखी जा रही है। सम सैंड ड्यून्स पर भी देशी-विदेशी पर्यटक रेगिस्तानी कैंप, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नए साल के आयोजन का आनंद ले रहे हैं। उदयपुर के पर्यटक गाइड गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि झीलों की नगरी में क्रिसमस से ही होटल और रिसॉर्ट पूरी तरह बुक हैं। कमरे के किराए तीन से चार गुना तक बढ़ गए हैं। पिछोला झील में नौकायन, करणी माता रोप-वे, सिटी पैलेस, सहेलियों की बाड़ी और सज्जनगढ़ किले पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। पुराने शहर में यातायात जाम की स्थिति बनी हुई है। पुरातत्व विभाग ने बताया, 'राजधानी जयपुर में भी भारी भीड़ देखी गई। सोमवार को हवामहल में 16,807, आमेर पैलेस में 18,203, जंतर-मंतर में 14,865, नाहरगढ़ किले में 9,320 और अल्बर्ट हॉल म्यूज़ियम में 7,941 पर्यटक पहुंचे'। जयपुर की टूर गाइड पूजा राठौड़ ने कहा, 'पिंकसिटी के सभी पर्यटन स्थलों पर शनिवार से ही भीड़ हैं।' टूर ऑपरेटर संजय कौशिक ने बताया कि यहां रोजाना आने वाले पर्यटकों की संख्या सामान्य 2,500-3,000 से बढ़कर 6,000-7,000 हो गई है। अलवर का सरिस्का टाइगर रिज़र्व भी 5 जनवरी तक पूरी तरह बुक है। धार्मिक स्थलों जैसे सीकर का खाटूश्यामजी, चूरू का सालासर बालाजी, दौसा का मेहंदीपुर बालाजी और चित्तौड़गढ़ के सांवलिया सेठ में भी पर्यटकों की संख्या कई गुना बढ़ गई है।

# मनोरंजन

## राजा की शर्त

नरेन्द्र देवांगन

सारंगढ़ में राजा जयसिंह का शासन था। प्रजा बहुत सुखी थी। राजा प्रजा को संतान की तरह प्यार करते थे। तारा उसकी इकलौती बेटी थी। वह रूप-गुण में अद्वितीय थी। बड़ी हुई तो जयसिंह को यही चिंता थी कि बेटी का विवाह योग्य वर से होना चाहिए।

तारा के रूप-गुण की चर्चा दूर-दूर तक थी। अनेक राजा और वीर सामंत उससे विवाह करना चाहते थे। समस्या यही थी कि किसका प्रस्ताव स्वीकार किया जाए।

जयसिंह ने अपनी उलझन मंत्री को बताई। मंत्री ने सुझाया 'राजन, क्यों न हम राजकुमारी तारा का स्वयंवर रचाएं। उसमें केवल राजकुमारों को ही बुलाएं। तारा के लिए योग्य वर का चुनाव हो जाएगा।'

राजा जयसिंह को मंत्री का सुझाव पसंद आ गया। तुरंत दूर-दूर तक के राज्यों में स्वयंवर की सूचना भेज दी गई। शर्त यह थी कि स्वयंवर में भाग लेने वाला राजकुमार हो।



निश्चित दिन सारंगढ़ में अनेक राजकुमार आ गए। राजा जयसिंह की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्हें महल के बगीचे में ले जाया गया। वहां तारा सहित राजपरिवार पहले ही उपस्थित था।

राजा जयसिंह सभी राजकुमारों को ले एक ऐसे स्थान पर आए, जहां आकाश में असंख्य चीलें उड़ रही थी। उन चीलों को दिखाकर बोले-इन में भूरे रंग की एक चील है। जो उसे जीवित पकड़कर राजकुमारी तारा के पास लाएगा, वही उसका पति होगा।

स्वयंवर की इस विचित्र शर्त को सुनकर वहां उपस्थित सभी राजकुमारों के चेहरे उतर गए। वे तो वहां अपनी वीरता दिखाने के लिए अनेक अस्त्रा शस्त्रों से सज्जित होकर आए थे।

जयसिंह के पड़ोसी राजा का बेटा कमलदेव विवाह की इच्छा लेकर स्वयंवर में आया था। वह भी जयसिंह की शर्त पूरी नहीं कर सका पर कमलदेव ने कह दिया - मैं राजकुमारी तारा से विवाह करके रहूंगा। देखता हूं, मुझे कौन रोकता है। धमकी देकर कमलदेव चला गया।

जिस दिन कमलदेव धमकी देकर गया, राजकुमार नरेश भूरे रंग की चील को जीवित पकड़ने के लिए आ पहुंचा। वह रामगढ़ के राजा का बेटा था।

'तुम चील को कैसे पकड़ोगे' जयसिंह ने पूछा।

शक्ति, विश्वास और चतुराई से। राजकुमार नरेश बोला-आप मुझे एक चूहा, छोटी-सी एक डोरी और कुछ चिकनी मिट्टी मंगवा दीजिए।

सभी हैरान थे कि यह इन बेकार की चीजों से सैंकड़ों चीलों में से भूरी चील को कैसे पकड़ पाएगा? राजा जयसिंह चकित थे। उन्होंने ये चीजें मंगवा दी।

राजकुमार नरेश ने डोरी का एक सिरा चूहे के पैर में बांध कर दूसरा सिरा मैदान में गड़े खूंटे से बांध दिया। चिकनी मिट्टी को गूंथकर चिपचिपा गोला बना लिया। फिर दूर जा खड़ा हुआ।

चूहे को देख, आकाश में उड़ती चीलें उस पर झपट्टा मारने लगीं किंतु खूंटे से बंधे होने के कारण उसे ले जा न सकीं। होते-होते भूरी चील भी नीचे उतरी। जैसे ही उसने चूहे पर झपट्टा मारा, राजकुमार नरेश ने निशाना बांधकर चिकनी मिट्टी का गोला उस पर फेंका।

निशाना अचूक था। गोला सीधा जाकर भूरी चील की पीठ पर गिरा। गिरते ही उसके दोनों पंख लिसलिसी चिकनी मिट्टी से चिपक गए। वह उड़ नहीं सकी। धरती पर गिरी कि राजकुमार ने उसे पकड़ लिया। फिर राजकुमारी तारा के पास ले गया। कुछ दिन बाद राजकुमारी तारा के साथ नरेश का धूमधाम से विवाह सम्पन्न हो गया। नरेश तारा के साथ रामगढ़ चला गया।

एक दिन नरेश शिकार पर गया, तो उसने तारा को भी साथ ले लिया। जंगल में शिविर लग गया। उधर यह समाचार कमलदेव को भी मिल चुका था। उसने लालच देकर रामगढ़ के सेनापति को मिला लिया।

जंगल के बीचोंबीच एक विशाल झील थी। चांदनी रात में उनका नौका विहार का कार्यक्रम था लेकिन जंगल को चारों ओर कमलदेव के सैनिकों ने घेर लिया था।

नरेश और तारा झील के तट पर पहुंचे। तारा नौका में जा बैठी। तभी हो हल्ला सुनकर नरेश ने मुड़कर देखा। कमलदेव के सैनिक नंगी तलवारें लेकर निकल आए थे।

गड़बड़ी देखकर, मल्लाह नौका को तट से दूर हटा ले गया। नरेश घायल होकर पानी में गिर पड़ा।

तभी मल्लाह नौका से कूद पड़ा। तैरता हुआ थोड़ा आगे किनारे पर जा लगा। फिर तेजी से नगर की ओर भाग गया।

तारा अनिष्ट की आशंका से कांप उठी। तभी कमलदेव नाव में बैठकर तारा की ओर चल दिया।

तारा ने झटपट निश्चय किया। वह पानी में कूद पड़ी लेकिन इस अन्याय और अनर्थ को वन देवता ने ठीक नहीं समझा। उन्होंने पत्ते तोड़े और पानी में डाल दिए। पानी पर पत्तों की चादर-सी बिह गई। पत्तों की चादर ने डूबती तारा को ऊपर ही रोक लिया। डूबने से बचा लिया।

कमलदेव की नौका तब तक तारा के निकट पहुंच चुकी थी। जैसे ही उसने हाथ बढ़ाकर तारा को पकड़ना चाहा, उसकी नौका उलट गई। वह पानी में डूब गया।

वन देवता की पत्तों की चादर ने धीरे-धीरे तारा को किनारे तक पहुंचा दिया। घायल पडे. नरेश को भी होश आ गया।

तब तक स्वामीभक्त मंत्री सैनिकों को लेकर वहां आ गया था। सैनिकों ने देशद्रोही सेनापति और कमलदेव के अनेक साथियों को मार गिराया। बाकी पकड़े गए।

नरेश तारा के साथ राजधानी लौट आया। दोनों एक दूसरे से एक ही बात पूछ रहे थे कि तुम्हारी प्राण रक्षा कैसे हुई?

वन देवता ने बचाया। बेहोशी की हालत में मैंने वन देवता को मुस्कुराते देखा था।

और मुझे भी वन देवता दिखाई दिए थे-नरेश ने कहा। दोनों ने अदृश्य वन देवता को नमस्कार किया और प्रसन्न मन से राजधानी लौट आए। (उर्वशी)

## अशांति का कारण

परशुराम संबल

एक वृद्ध महात्मा थे। नगर के बाहर जंगल में एक सुन्दर-सी कुटिया बना रखी थी। कुटिया के चारों ओर फल फूलों के वृक्ष और पौधे उगे हुए थे। पास से कल कल करती हुई नदी बहती थी। बड़ा मनोरम दृश्य था।

महात्मा अधिकतर समय ईश्वर साधना में ही लीन रहते थे। उनके तीन शिष्य थे। उनमें से गोपीनाथ नाम का शिष्य उन्हें परमप्रिय था। तीनों बारी-बारी से भिक्षा के लिये जाते थे। महात्मा तो कभी कभार ही भिक्षार्थ निकलते थे। वे भिक्षा में अन्न और वस्त्रा ही ग्रहण करते थे। रूपया-पैसा नहीं लेते थे।

एक दिन उनका परम प्रिय शिष्य गोपनाथ महात्मा जी से बोला-'गुरूदेव, मुझे अपने गांव गये काफी समय बीत गया है। समाचार आया है कि मां बीमार है। उनकी सुध लेना भी मेरा परम धर्म है। यदि आप आज्ञा दें तो कुछ समय के लिये मैं गांव हो आऊं?'

महात्मा ने कहा-'पुत्रा, यह तो बड़ी अच्छी बात है। माता पिता की सेवा करना तो संतान का परम धर्म और कर्त्तव्य है। तुम अवश्य गांव जाओ।'

चलते समय शिष्य गोपीनाथ महात्मा से बोला-'गुरूदेव, मेरे पास चांदी के पचास सिक्के हैं। उनमें से आधे सिक्के आप रख लीजिये, आवश्यकता पड़ने पर काम आएंगे।

महात्मा ने कहा-'नहीं पुत्र धन का



मुझे क्या करना है? भिक्षा में आवश्यकता की सभी सामग्री तो गृहस्थों से प्राप्त हो जाती है। चांदी के सिक्के तुम अपने पास ही रखो। इन्हें मां-बाप की सेवा में खर्च करना।'

लेकिन गोपीनाथ नहीं माना। उसने महात्मा के बिस्तरे के सिरहाने छोटा सा गड्ढा खोदते हुए कहा-'गुरूदेव, मैं आधे सिक्के आपके सिरहाने गाड़ कर जा रहा हूं। आवश्यकता पड़ी तो निकाल लीजिये नहीं तो मैं वापस आकर इन्हें निकाल लूंगा।'

गोपीनाथ गुरू के चरणों में नतमस्तक होकर उनसे विदा ले गांव की ओर चला गया।

सिक्के महात्मा की अशांति का कारण बन गये। जब वे भिक्षा के लिये जाते तो उनके मन में शंका उठ खड़ी होती कि सिक्कों को कोई चोर निकाल कर न ले जाये? इसलिये उन्होंने सिक्कों को खोदकर बाहर निकाल दिया और एक पोटली में बांध कर रख लिया। जब वे भिक्षा के लिये जाते तो पोटली को साथ लेकर जाते। वापस आकर फिर गड्ढे में गाड़ देते थे। सिक्कों के कारण उनकी रात की नींद भी हराम हो गई थी।

वृद्ध शरीर था, एक दिन महात्माजी बीमार पड़े और शरीर त्याग दिया।

महात्मा जी के मरणोपरान्त रात्रि में एक घटना घटने लगी। सारी रात खट खट की आवाज आती रहती। लगता जैसे कोई खडाऊं पहन कर इधर उधर घूम रहा है। दोनों शिष्य डर के मारे सो नहीं पाते थे। भय था कि यह कोई भूत प्रेत है लेकिन इस बात से आश्वस्त थे कि चाहे कोई भी हो पर किसी को कोई दुख नहीं देता।

एक दिन उनका परम प्रिय शिष्य गोपीनाथ भी गांव से लौटकर आ गया। उसे महात्मा जी के स्वर्गवासी होने का पता चला तो बड़ा दुखी हुआ। दोनों शिष्यों ने उसे रात में होने वाली खट खट की आवाज के विषय में बताया तो उसे यकीन नहीं आया।

आधी रात बीती, तीनों शिष्य विश्राम कर रहे थे। तभी खडाऊं पहने किसी व्यक्ति के चलने फिरने की आवाज सुनाई पड़ी। गोपीनाथ बोला-'अरे, यह तो गुरूदेव की खडाऊं की आवाज है।'

गोपीनाथ ने प्रार्थना की-हे गुरूदेव, आप तो महात्मा थे। परम पिता परमेश्वर के परम भक्त थे। आपने तो जीवन भर तप जप ही किया है। कभी किसी का अहित नहीं किया। फिर आपकी आत्मा रात्रि में इस तरह क्यों भटक रही है?'

महात्मा शिष्य को दिखाई पड़े और बोले-'हे, परमप्रिय शिष्य, तूने मेरे सिरहाने कुछ चांदी के सिक्के गाड़े थे। प्राण त्यागते समय मेरा मन सिक्कों के मोह में फंसा रहा, इसीलिये मेरी आत्मा अभी तक उन सिक्कों के इर्दगिर्द भटक रही है। तूं उन्हें वहां से निकाल कर किसी धार्मिक कार्य में लगा दे जिससे मुझे मुक्ति मिले।'

शिष्य ने अगले दिन ऐसा ही किया। महात्मा की आत्मा फिर कुटिया के प्रांगण में नहीं भटकी।

वासनाओं में फंसे रहते हुए प्राण त्यागना दुर्गति का कारण बन जाता है। 'जियो तो ऐसे जियो जैसे सब तुम्हारा है। मरो तो ऐसे, जैसे तुम्हारा कुछ भी नहीं। (उर्वशी)



## आईना झूठ नहीं बोलता

एक छोटी सी लड़की थी, उसका नाम था परी, वो बात-बात पर गुस्सा होती थी। उसकी मां उसे हमेशा समझाती रहती कि 'परी बेटा, इतना गुस्सा करना अच्छी बात नहीं है, लेकिन फिर भी उसके स्वभाव में कोई बदलाव नहीं आया। एक दिन परी अपना होमवर्क करने में व्यस्त थी। उसकी टेबल पर एक सुंदर-सा फूलों से सजा पॉट रखा था। तभी उसके छोटे भाई का हाथ उस पॉट से टकराया और गिरने पर उसके कई टुकड़े हो गए।

अब क्या, परी गुस्से से बौखला उठी। तभी वहां उसकी मां ने एक आईना लाकर उसके सामने रख दिया। अब गुस्से से भरी परी ने अपनी शक्ल आईने में देखी, जो कि गुस्से में बहुत ही बुरी लग रही थी। अपना ऐसा बिगड़ा चेहरा देखते ही परी का गुस्सा छू-मंतर हो गया। तब उसकी मां ने कहा, देखा परी! गुस्से में तुम्हारी शक्ल आईने में कितनी बुरी लगती है, क्योंकि आईना कभी झूठ नहीं बोलता। अब परी को पता चल गया था कि गुस्सा करना कितना बुरा होता है। तभी से उसने गुस्सा न करने का एक वादा अपने आप से किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### कश्मीर घाटी के कई इलाकों में ताजा हिमपात

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार दोपहर ताजा हिमपात हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बांदीपोरा के गुरेज, बारामूला के गुलमर्ग और कुपवाड़ा के माछिल सहित उत्तरी कश्मीर के कुछ हिस्सों में आज दोपहर ताजा हिमपात हुआ। अधिकारियों ने बताया कि अगले 24 घंटों में भारी वर्षा का अनुमान नहीं है। हालांकि कुछ स्थानों पर रुक-रुक कर बारिश या हिमपात हो सकता है। मौसम में बदलाव से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने कर्मचारियों और उपकरणों को तैयार रखा है। ताजा हिमपात के बावजूद घाटी में सर्दियों में सामान्य से कम ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान मौसम के औसत से तीन से चार डिग्री अधिक बना हुआ है।

### केंद्र सरकार को 350 कार्यकर्ताओं का खुला पत्र, मनरेगा को रद्द न करने की अपील की

**नयी दिल्ली :** विभिन्न वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नागरिक समाज के संगठनों ने मंगलवार को केंद्र सरकार को एक खुला पत्र लिखकर मनरेगा को खत्म करने के बजाय इसके कार्यान्वयन से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया है। लगभग 350 शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर वाले इस पत्र में कहा गया है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को खत्म करने और उसकी जगह 'विकसित भारत-रोजगार गारंटी आजीविका मिशन-ग्रामीण' (वीबी-जी राम जी) अधिनियम लाने के लिए जो तर्क दिए गए, उनमें कई खामियां थीं। पत्र में कहा गया है कि मनरेगा की मांग-आधारित व्यवस्था एक क्रांतिकारी अवधारणा थी, जो अधिकार-आधारित रोजगार गारंटी के इसके सिद्धांत से जुड़ी थी। यह एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है जहां गरीब अपने अधिकारों की मांग कर सकते हैं, हाशिए पर खड़े लोगों को अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का अवसर मिलता है और अल्पसंख्यकों की आवाज सुनी जा सकती है।

### गुजरात के गिफ्ट सिटी में स्थापित होगा भारतीय एआई अनुसंधान संगठन

**अहमदाबाद :** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए 'भारतीय एआई अनुसंधान संगठन' (आईएआईआरओ) की स्थापना को मंगलवार को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस केंद्र की स्थापना सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत राज्य और केंद्र सरकारों तथा भारतीय दवा गठबंधन (आईपीए) के बीच त्रिपक्षीय साझेदारी के माध्यम से की जाएगी। विज्ञप्ति में कहा गया है कि गुजरात सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शल में राष्ट्रीय एआई पारिस्थितिकी तंत्र को गति देने और अनुसंधान को गति करने के लिए यह पहल की है। आईएआईआरओ गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी में एक जनवरी से विशेष उद्देश्य वाले कोष (एसपीवी) के रूप में कार्य करना शुरू कर देगा।

# असम में मुस्लिम आबादी की वृद्धि का मुकाबला करने के लिए हर हिंदू तीन बच्चे पैदा करे: हिमंत

**बारेपेटा (असम) :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को हिंदुओं को सलाह दी कि वे राज्य में मुसलमानों की तुलना में गिरती जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए, यदि संभव हो तो, तीन बच्चे पैदा करें। उन्होंने यह भी दावा किया कि यदि हिंदू अधिक बच्चे पैदा नहीं करेंगे, तो घर की देखभाल करने के लिए लोग नहीं बचेंगे। उनका यह बयान राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले आया है, जिसके अगले साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। बारपेटा जिले में एक आधिकारिक कार्यक्रम के इतर संवाददाताओं से बात करते



हुए शर्मा ने कहा, अल्पसंख्यक क्षेत्रों में उनकी जन्म दर अधिक है। हिंदुओं में जन्म दर दिन-ब-दिन कम होती जा रही है। इसलिए, वहां अंतर बना हुआ है। वह असम के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी में कथित वृद्धि पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, इसीलिए हम हर हिंदू व्यक्ति से कहते हैं कि आपको एक बच्चे पर नहीं रुकना चाहिए और कम से कम दो बच्चे पैदा करने चाहिए। यदि संभव हो तो तीन बच्चे पैदा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दूसरी ओर मुस्लिम लोगों को यह सलाह दी जाती है कि वे 7-8 बच्चे पैदा न करें और अपनी संतान की संख्या कम रखें। उन्होंने दावा किया, हम हिंदुओं से थोड़े अधिक बच्चे पैदा करने के लिए कहते हैं, अन्यथा घर की देखभाल करने वाला कोई नहीं होगा। शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि विधानसभा क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है, इसलिए जनसंख्या पैटर्न की सटीक प्रकृति उन्हें तुरंत ज्ञात नहीं है।

### बांग्लादेशी कट्टरपंथी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में असम और त्रिपुरा से 11 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** बांग्लादेश स्थित कट्टरपंथी संगठनों से कथित संबंधों को लेकर असम और त्रिपुरा में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों का मकसद पूर्वोत्तर में अस्थिरता फैलाना था। असम पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। गुवाहाटी के पुलिस आयुक्त पार्थसारथी महंत ने प्रेसवार्ता में बताया कि विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने केंद्रीय एजेंसियों से प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर ये गिरफ्तारियां कीं। उन्होंने बताया, कल (सोमवार) रात असम के बारपेटा, चिरांग और दरांग जिलों के साथ-साथ त्रिपुरा में भी एक अभियान चलाया गया। हमने कुल 11 जिहादी तत्वों को गिरफ्तार किया है जो बांग्लादेश स्थित संगठनों के सीधे आदेशों पर काम कर रहे थे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोग इमाम महमूदर काफिला (आईएमके) मॉड्यूल के सदस्य थे।

### गोवा नाइटक्लब हादसा: पीड़ितों के परिजन ने मामले की त्वरित सुनवाई की मांग की

**पणजी :** गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब' में छह दिसंबर को आग लगने की घटना में अपने परिवार के चार सदस्यों को खोने वालीं भावना जोशी ने याद करते हुए बताया कि क्लब के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र न होने पर वाइन ग्लास और बोतलों से पानी डालकर भीषण आग पर काबू पाने की कोशिश की थी। नाइटक्लब प्रबंधन की ओर से कथित लापरवाही किए जाने को लेकर भावनात्मक सदमे और आक्रोश का सामना कर रहे 25 मृतकों के परिजन ने मामले की तेजी से जांच और मुकदमे की तेज सुनवाई की मांग की है। जोशी ने मंगलवार को मापुसा की अदालत के बाहर पत्रकारों से कहा, मैंने अपने परिवार के सदस्यों को आग में घुटकर मरते हुए देखा है। उनकी क्या गलती थी? आप सोच भी नहीं सकते कि अपने परिवार के चार सदस्यों के शव आग से निकालना कैसा अनुभव होता है। जोशी के पति और तीन बहनों की इस घटना में मौत हो गई। संदेह है कि एक प्रस्तुति के दौरान आतिशबाजी होने के कारण आग लगी थी। अधिकारियों ने कहा था कि बाहर निकलने की जगह तंग होने के कारण ज्यादा लोगों की मौत हुई।

### अमृतसर में पाकिस्तान से जुड़े 'ड्रग' तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

**चंडीगढ़/अमृतसर :** पंजाब पुलिस ने सीमा पार मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार किलोग्राम से अधिक हेरोइन (मादक पदार्थ) और एक किलोग्राम मेथामफेटामीन (आईसीई) बरामद किया है और इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस प्रतिबंधित पदार्थ की तस्करी पाकिस्तान से की गई थी तथा इसे सोशल मीडिया के जरिए संचालित होने वाले स्थानीय गिरोहों के माध्यम से पूरे राज्य में वितरित किया गया था। उन्होंने बताया कि यह अभियान राज्य सरकार द्वारा पंजाब को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत अमृतसर पुलिस आयुक्तालय द्वारा चलाया गया था। यादव ने बताया कि मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जजबीर सिंह उर्फ जज (21), जसपाल सिंह उर्फ जस (22), अनमोलप्रीत सिंह (19), हरपिंदर सिंह उर्फ भिंडा (32), तरुणप्रीत सिंह (20), दविंदर सिंह उर्फ बाऊ (33) और मनदीप सिंह (24) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और इस संबंध में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

### एनएफआर ने 2025 में 11 नयी ट्रेन शुरू कीं

**गुवाहाटी :** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने 2025 में 11 नयी ट्रेन शुरू कीं, जिनमें मिजोरम को रेल संपर्क से जोड़ने वाली पहली ट्रेन भी शामिल है। गुवाहाटी में मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया है कि नयी सेवाओं से यात्री सुविधाओं में सुधार होने के साथ ही पूर्वोत्तर और आसपास के क्षेत्रों में रेल संपर्क मजबूत हुआ है। सितंबर में सायरंग-आनंद विहार राजधानी एक्सप्रेस की साप्ताहिक सेवा शुरू होने के साथ ही मिजोरम ने देश के रेल मानचित्र पर अपनी जगह बना ली। वहीं, गुवाहाटी-सायरंग एक्सप्रेस को दैनिक सेवा के रूप में शुरू किया गया और कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस सप्ताह में तीन बार संचालित की जाने लगी। गुवाहाटी-उत्तर लखीमपुर जन शताब्दी एक्सप्रेस सप्ताह में दो बार और न्यू बोंगाईगांव-गुवाहाटी पैसेंजर एक्सप्रेस प्रतिदिन चलाई जाने लगी, जबकि तिनसुकिया-नाहरलागुन एक्सप्रेस सप्ताह में तीन बार संचालित होने लगी। एनएफआर की ओर से 2025 में शुरू की गई अन्य ट्रेन में साप्ताहिक सियालदह-जलपाईगुड़ी रोड एक्सप्रेस, हफ्ते में छह दिन चलने वाली दानापुर-जोगबनी वंदे भारत एक्सप्रेस, साप्ताहिक इरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस और रोजाना संचालित सिलीगुड़ी-कटिहार एक्सप्रेस शामिल है।

## गुजरात के साणंद के पास दो समुदायों के बीच झड़प

### 30 लोगों को हिरासत में लिया गया

**अहमदाबाद :** गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद कस्बे के पास एक मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प हुई और उन्होंने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके, जिसके बाद पुलिस ने कम से कम 30 लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंसा सोमवार रात और फिर मंगलवार सुबह कलाना गांव में हुई। जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने कहा, कुछ युवकों के बीच कहासुनी के बाद दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए और बाद में उन्होंने एक-दूसरे पर पथराव किया। उन्होंने कहा कि घटना के बाद गांव में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। एसपी ने घटना का विवरण देते हुए बताया, सोमवार शाम को जब एक समुदाय के दो युवक अपनी मोटरसाइकिल पर गांव के तालाब के पास से गुजर रहे थे तो वहां बैठे दूसरे समुदाय के कुछ युवकों ने उनसे झगड़ा शुरू कर दिया और पूछा कि वे उनकी ओर क्यों देख रहे हैं। जाट ने बताया कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता के मुद्दे पर इन युवकों के बीच कुछ समय से विवाद चल रहा था, क्योंकि दोनों समूह सोशल मीडिया मंच पर एक-दूसरे से ज्यादा मशहूर होने का दावा कर रहे थे।

## इंदौर में 'दूषित पानी' पीने के कारण 100 से ज्यादा लोग अस्पतालों में भर्ती, तीन मरीजों की मौत

**इंदौर :** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कथित तौर पर दूषित पानी पीने के कारण 100 से ज्यादा लोगों को उल्टी-दस्त की गंभीर दिक्कतों के साथ अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया और इनमें से कम से कम तीन मरीजों की मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, स्थानीय लोगों का दावा है कि दूषित पानी पीने से बीमार होने के बाद अब तक चार महिलाओं समेत पांच लोग दम तोड़ चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि शहर के भागीरथपुरा इलाके में उल्टी-दस्त के प्रकोप के बारे में पता चलने पर स्वास्थ्य विभाग ने 2,703 घरों के



सर्वेक्षण के दौरान करीब 12,000 लोगों की जांच की और इनमें से हल्के लक्षणों वाले 1,146 मरीजों को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया। उन्होंने बताया कि अपेक्षाकृत गंभीर स्थिति वाले 111 मरीजों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया जिनमें से 18 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सीएमएचओ ने बताया, ''मरीजों का कहना है कि दूषित पानी पीने के बाद उन्हें उल्टी-दस्त और शरीर में पानी की कमी की दिक्कतें शुरू हो गईं।''

## भारत माता के चरणों में झुकने से कोई तमिल विरोधी नहीं बन जाता: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन

**रामेश्वरम (तमिलनाडु) :** उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि अगर कोई भारत माता के चरणों में झुककर प्रणाम करता है, तो इससे वह 'तमिल विरोधी' नहीं बन जाता। वह यहां काशी तमिल संगमम 4.0 के समापन समारोह में बोल रहे थे, जिसमें उन्होंने काशी और तमिलनाडु के बीच अटूट सांस्कृतिक बंधन पर जोर देते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना के तहत राष्ट्रीय एकता का आह्वान किया। राधाकृष्णन ने कहा, ''हम प्रतिदिन इस पवित्र भारत माता के चरणों में झुककर प्रणाम करते हैं और कहते हैं, 'यह राष्ट्र समृद्ध बने।' क्या इससे हम तमिल विरोधी बन जाते हैं? नहीं।



यदि राष्ट्र एक आंख है और दूसरी आंख हमारी मातृभाषा तमिल है, तो इन्हें कौन अलग कर सकता है?'' उन्होंने कहा कि पांडिया नाडु के तमिल योद्धा मुगलों द्वारा किए गए विनाश के खिलाफ काशी मंदिर के जीर्णोद्धार में सहायता कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने यह बताने के लिए हाल का एक उदाहरण भी साझा किया कि प्रधानमंत्री तमिलों के साथ किस तरह खड़े हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के सहयोग से नट्टुकोट्टई चेट्टियारों ने काशी स्थित अपने विश्रामगृह की 300 करोड़ रुपये की अतिक्रमित भूमि को मात्र 48 घंटे में वापस हासिल कर लिया।

### सिक्किम में सड़क हादसे में झारखंड की महिला की मौत, चार गंभीर रूप से घायल

**गंगटोक :** उत्तरी सिक्किम में मंगलवार को पर्यटकों की एक कार सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई, जिससे झारखंड की 58 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना उत्तरी सिक्किम के साफो अपर जोंगू में उस समय हुई, जब झारखंड के ये पर्यटक लाचुंग से आ रहे थे। उन्होंने बताया कि रांची निवासी चारों घायलों को मंगन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से दो लोगों को बेहतर इलाज के लिए गंगटोक के एसटीएनएम अस्पताल भेजा गया है।

### एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में 898 महिला कैडेट सहित 2,406 कैडेट ले रहे हैं भाग

**नयी दिल्ली :** देश भर से 898 लड़कियों सहित कुल 2,406 एनसीसी कैडेट मंगलवार से शुरु हुए राष्ट्रीय कैडेट कोर के गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में भाग ले रहे हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम' (वाईईपी) के तहत 25 मित्र देशों के कैडेट और अधिकारी भी समारोह में भाग लेने वाले हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर 2026 की शुरुआत दिल्ली छावनी स्थित करियाप्पा परेड ग्राउंड में 'सर्व धर्म पूजा' के साथ हुयी।

## नागरिक उड्डुन मंत्रालय इंडिगो उड़ान व्यवधानों पर जांच समिति की रिपोर्ट का विश्लेषण कर रहा : मंत्री

**बेंगलुरु :** नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने मंगलवार को कहा कि मंत्रालय वर्तमान में उस समिति द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का विश्लेषण कर रहा है जिसने इस महीने की शुरुआत में इंडिगो से जुड़ी व्यापक उड़ान व्यवधानों की जांच की थी। यहां एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, ''रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी गई है। हम रिपोर्ट का विश्लेषण कर रहे हैं, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से राय ले रहे हैं और उसके आधार पर कार्रवाई करेंगे।''



अधिकारियों के अनुसार, डीजीसीए के संयुक्त महानिदेशक संजय के. ब्रह्मणे की अध्यक्षता में एक जांच समिति का गठन पांच दिसंबर को उन परिस्थितियों की व्यापक समीक्षा और आकलन करने के लिए किया गया था जिनके कारण बड़े पैमाने पर उड़ान व्यवधान उत्पन्न हुए। समिति ने शुक्रवार शाम को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी। इस महीने की शुरुआत में इंडिगो ने एक ही दिन में 1,600 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी थीं जिसके बाद कई दिनों तक बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द की गईं। पायलटों के आराम संबंधी संशोधित नियमों को लागू करने में अपर्याप्त योजना को व्यवधानों का मुख्य कारण बताया गया।

# 2025 – नक्सल मुक्त भारत के लिए एक निर्णायक वर्ष

**नयी दिल्ली :** वर्ष 2025 भारत के आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में एक दुर्लभ क्षण के रूप में दर्ज होग। भारत ने हिंसा का मुकाबला सिर्फ सीमाओं पर नहीं किया, बल्कि उसकी जड़ों तक जाकर निर्णायक लड़ाई लड़ी। कई दशकों में पहली बार भारत ने अपने सबसे बड़े आंतरिक खतरे से प्रभावी ढंग से निपटते हुए वामपंथी उग्रवाद की सशस्त्र गतिविधियों पर निर्णायक चोट की।



दशकों तक वामपंथी उग्रवाद ने राज्य की क्षमता को कमजोर किया, जन-जीवन को संकट में डाला और संवेदनशील क्षेत्रों में विकास को बाधित किया। इसके बावजूद भारत ने यह सिद्ध कर दिया कि स्थायी राजनीतिक संकल्प और संस्थागत समन्वय के माध्यम से चिरस्थायी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

वर्ष 2025 में भारत ने छिट-पुट कार्रवाइयों से आगे बढ़कर समग्र आंतरिक सुरक्षा रणनीति अपनाई- सशस्त्र माओवादी तत्वों के विरुद्ध सटीक अभियान और साथ ही लंबे समय से उपेक्षित क्षेत्रों में शासन, अवसंरचना और पुनर्वास का विस्तार। इसके परिणाम स्पष्ट रहे; विद्रोही गतिविधियों का भौगोलिक दायरा संकुचित हुआ, उग्रवादी नेतृत्व संरचनाएं ध्वस्त हुईं और बड़े पैमाने पर आत्मसमर्पण हुए।

**नक्सलवाद की रीढ़ पर वार**

2025 के अंत के साथ ही मोदी सरकार का यह ऐलान केंद्र में बना हुआ है कि 31 मार्च 2026 तक देश को पूरी तरह नक्सलमुक्त कर दिया जाएगा। अब जब लक्ष्य तक पहुँचने में तीन महीने से थोड़ा ही अधिक समय बचा है और उझख (माओवादी) का संगठनात्मक ढांचा काफी हद तक टूट चुका है, तो यह लक्ष्य हासिल किया जा सकने वाला दिखाई देता है। वर्ष 2013 में 182 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित थे, जबकि अब 2025 में प्रभावित जिलों की संख्या केवल 11 रह गई है। नक्सल मुक्त भारत बनाने के मोदी सरकार के विज़न की दिशा में एक बड़े कदम के तहत, नक्सलवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों की संख्या 6 से घटाकर 3 पर ला दी गई है।

**नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई और प्रमुख मुठभेड़**

अकेले साल 2025 में ही, सुरक्षा बलों ने 335 नक्सलों को निष्क्रिय किया, 2167 से अधिक आत्मसमर्पण कराए और 942 गिरफ्तारियाँ कीं। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के तहत 27 कट्टर नक्सलों को निष्क्रिय किया गया। 24 मई 2025 को बीजापुर में 24 कट्टर नक्सलों ने आत्मसमर्पण किया।

नवंबर 2025 में, आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू ज़िले के मारेडुमिल्ली वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और नक्सलों के बीच हुई मुठभेड़ में 6 माओवादी मारे गए। मृतकों में वरिष्ठ माओवादी नेता और केंद्रीय समिति के सदस्य मड़वी हिड़मा, उनकी पत्नी राजे तथा उनके कई करीबी अनुयायी शामिल थे। वह साल 2010 के दांतेवाड़ा हमले, साल 2013 के झीरम घाटी नरसंहार और साल 2021 के सुकमा-बीजापुर मुठभेड़ में शामिल था।

सितंबर 2025 में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा से सटे अबूझमाड़ क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई, जहाँ सुरक्षा बलों ने केंद्रीय समिति के वरिष्ठ नेताओं कट्टा रामचंद्र रेड्डी और कादरी सत्यानारायण रेड्डी को मार गिराया।

मई 2025 में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में किए गए एक ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने 27 कुख्यात माओवादियों को निष्क्रिय किया, जिनमें सीपीआई-माओवादी का महासचिव, शीर्षतम नेता तथा नक्सल आंदोलन की रीढ़ माना जाने वाले नंबाला केशव राव उर्फ़ बासवराजू भी शामिल था।

**बड़े-बड़े माओवादी नेताओं का आत्मसमर्पण एवं नेतृत्व संरचना का पतन**

हाल ही में दिसंबर 2025 में मिली एक बड़ी सफलता के तहत, कान्हा-भोरमदेव (केबी) डिवीजन के 10 माओवादियों ने बालाघाट में सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जिनमें 77 लाख रुपये का इनामी, मोस्ट-वांटेड कमांडर सुरेंद्र उर्फ़ कबीर भी शामिल था। वरिष्ठ माओवादी नेता विकास नागपुरे उर्फ़ नवज्योत उर्फ़ अनंत ने पिछले माह नवंबर में आत्मसमर्पण किया था और हथियार छोड़ने की सार्वजनिक अपील की थी।

साथ ही, नवंबर 2025 में छत्तीसगढ़ के सुकमा ज़िले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के 15 सक्रिय कैडरों ने, जिन पर कुल मिलाकर लगभग 50 लाख रुपये का इनाम था, हथियार डाल दिए। इनमें कुख्यात पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन संख्या 1 के चार कट्टर सदस्य भी शामिल थे-पीपीसीएम मड़वी सन्ना, सोड़ी हिडमे, सूर्य उर्फ़ रव्वा सोमा तथा मीना उर्फ़ मड़वी भीमे-जिनमें से प्रत्येक पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित था।

14 से 17 अक्टूबर 2025 के बीच, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में कुल 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया, जिनमें छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़-उत्तर बस्तर क्षेत्र के 170 तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के 61 शामिल थे। इनमें कई वरिष्ठ कैडर और क्षेत्र कमांडर भी थे, जिनके ऊपर बड़े-बड़े इनाम थे। आत्मसमर्पण सूची में 10 वरिष्ठ माओवादी ऑपरेटिव शामिल हैं:-

सतीश उर्फ़ टी. वासुदेव राव (केंद्रीय समिति का सदस्य); उल्लेखनीय रूप से, टी. वासुदेव राव पर 1 करोड़ रुपये का इनाम था, जो इस आत्मसमर्पण की लहर के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करता है।

रानिता (दक्षिणी ज़ोनल समिति की सदस्य एवं सचिव, माड़ डीवीसी),

भास्कर (डीवीसी सदस्य, पीएल 32),

नीला उर्फ़ नांडे (डीवीसी सदस्य, प्रभारी एवं सचिव, नेलनार क्षेत्र समिति)

दीपक पालो (डीवीसी सदस्य, प्रभारी एवं सचिव, इंद्रावती क्षेत्र समिति)

सितंबर 2025 में वरिष्ठ माओवादी नेता सुजाता ने 43 वर्षों तक अंडरग्राउंड रहने के बाद आत्मसमर्पण किया। अप्रैल 2025 में सुकमा ज़िले का बड़ेसट्टी गाँव बस्तर संभाग की पहली ऐसी ग्राम पंचायत घोषित किया गया, जो पूर्णतः नक्सल-मुक्त है।

# भारतीय रेलवे ने 2025 में सबसे दुर्गम इलाकों तक विस्तार किया, सुरक्षा और आधुनिकीकरण को बढ़ावा दिया

## देश में अब 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें हो रही संचालित

**नयी दिल्ली :** भारतीय रेलवे ने 2025 में कुछ सबसे दुर्गम इलाकों तक अपना विस्तार किया, जिसमें तमिलनाडु के पंबन में देश के पहले 'वर्टिकल-लिफ्ट' पुल और चिनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे पुल जैसी ऐतिहासिक परियोजनाएं शामिल रहीं। इस वर्ष बिरबी-सैरांग लाइन के चालू होने से मिजोरम में भी रेल संपर्क स्थापित हो गया, जिससे पूर्वोत्तर के दूरस्थ और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने का लंबे समय से प्रतीक्षित प्रयास पूरा हुआ। इन परियोजनाओं के जरिए दुर्गम भौगोलिक क्षेत्रों को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया। रेल मंत्रालय ने 2025 में देश में 42 परियोजनाएं शुरू कीं, जिनका कुल मूल्य 25,000 करोड़ रुपये से अधिक है। रेलवे ने इस वर्ष रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें भी चलाईं और



तमिलनाडु के पंबन में देश का पहला 'वर्टिकल-लिफ्ट' रेल पुल और जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेल पुल तैयार किया गया

15 नई ट्रेनों की शुरुआत के साथ वंदे भारत सेवाओं का तेजी से विस्तार किया। रेल मंत्रालय ने वर्ष के अंत की अपनी समीक्षा में बताया कि देश में अब कुल 164 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें सेवाएं दे रही हैं। रेल मंत्रालय के अनुसार, देश के रेल नेटवर्क में 13 अमृत भारत ट्रेनें भी जोड़ी गईं, जिससे ऐसी सेवाओं की कुल संख्या 30 हो गई। दो नमो भारत रैपिड रेल सेवाएं भी शुरू हो गईं, जो गुजरात के भुज और अहमदाबाद तथा बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर को राज्य की राजधानी पटना से जोड़ती हैं। भारतीय रेलवे ने 2025 में त्योहारों के मौसम और व्यस्त यात्रा अवधि के दौरान भारी यातायात को संभालने के लिए रिकॉर्ड 43,000 विशेष ट्रेन यात्राएं भी संचालित कीं। रेल मंत्रालय का मुख्य ध्यान बुनियादी ढांचे के निर्माण पर भी रहा, जिसके तहत अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच 900 किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनें चालू की गईं और मौजूदा पटरियों का बड़े पैमाने पर नवीनीकरण किया गया ताकि ट्रेनों का संचालन सुरक्षित और तेज हो सके। मंत्रालय ने कहा कि 'ब्रॉड गेज' नेटवर्क का विद्युतीकरण लगभग पूरा होने की ओर अग्रसर है और लगभग 99.2 प्रतिशत मार्ग पूरे हो चुके हैं। मंत्रालय ने कहा कि देश की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना ने 30 नवंबर, 2025 तक 55.63 प्रतिशत प्रगति हासिल कर ली है। भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 2025 में 'रेलवन' ऐप भी प्रारंभ किया। मंत्रालय ने बताया कि यह ऐप एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

